## खबर संक्षेप

### रेलवे के सुरेश पैगवार साहित्य के क्षेत्र में डाक्टरेट की मानद उपाधि से अलंकृत



**बिलासपुर।** दपूमरे मुख्यालय बिलासपुर के जन संपर्क विभाग में कार्यरत सुरेश पैगवार को मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी दिल्ली द्वारा साहित्य के क्षेत्र में डॉक्टरेट की मानद उपाधि प्रदान की गई है। उनके द्वारा रचित रेल गीत काफी लोकप्रिय हुआ है, रेलवे ही नहीं आम जन भी उतने ही चाव से उस गीत को सुनते हैं। उनके द्वारा रचित मतदाता जागरूकता गीत, आल्हा छंद में जांजगीर जिले की बखान करता गीत जिसे पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष द्वारा विमोचित किया गया है। श्रमिकों पर श्रम की महत्ता प्रतिपादित करता गीत, रक्षा बंधन पर लिखे गीत, गंगा पर लिखे गीत, श्रृंगार रस में लिखे कई गीतों को छालीवुड के प्रसिद्ध गायक- गायिकाओं द्वारा गाया गया है। उनकी कृति सजल संग्रह को रेलवे भर्ती बोर्ड के गरिमामय समारोह में विमोचित किया गया है। अब और उनकी साहित्यिक सेवा रंग लाई है। दिल्ली के मैजिक एंड आर्ट यूनिवर्सिटी ने 8 जून को उन्हें डॉक्टरेट के मानद उपाधि से अलंकृत किया है।

### कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच ने किया भवन का लोकार्पण व सम्मान



**बिलासपुर।** कान्यकुब्ज ब्राह्मण विकास मंच छग द्वारा लोखंडी में 3.50 करोड़ की लागत से निर्मित आशीर्वाद भवन का लोकार्पण एवं अभा सर्वब्राह्मण सम्मेलन के साथ संपन्न हुआ। मंच के सचिव सुदेश दुबे साथी ने बताया कि सर्वप्रथम भगवान परशुराम मँदिर में पूजन एवं महाआरती की गई। आदिशंकराचार्य,गोस्वामी तुलसीदास की मूर्ति का अनावरण हुआ। स्वः गंगा प्रसाद पान्डेय स्मृति ब्रम्ह आलोक विशाल सभागार का लोकार्पण किया गया। स्व. विद्या पान्डेय, स्व. चन्द्रभान तिवारी, स्व. राम सुमिरन त्रिवेदी, स्व. श्याम मनोहर बाजपेयी, स्व. जगरानी बाजपेयी की मूर्तियों का अनावरण एवं स्व. सोमनाथ बाजपेयी, स्व. कुँज बिहारी शिवदुलारी मिश्र, स्व. देवदत्त तिवारी, स्व. उमा लक्ष्मीनारायण मिश्र, स्व. मीना तिवारी, स्व. नारायणी तिवारी, स्व. समलेश्वरी रज्जन शुक्ल की स्मृति मे निर्मित कक्ष का लोकार्पण उनके परिवार जनों ने किया। सभागार में अखिल भारतीय कान्यकुब्ज ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों का सम्मान इं.आलोक त्रिवेदी, इं. विशेषता त्रिवेदी, बसंत बाजपेयी, आदित्य त्रिपाठी, राजेश पान्डेय, श्याम तिवारी, उदय शँकर मिश्र, गोपाल तिवारी, करूणाशँकर अवस्थी, अमित तिवारी, राम शँकर शुक्ल, शास्वत तिवारी, संकल्प तिवारी, जगदीश त्रिवेदी, सुरेन्द्र तिवारी, योगेश मिश्र, सुदेश दुबे साथी ने किया। बीके पान्डेय ने अध्यक्षीय प्रतिवेदन पढा। इस अवसर पर महेश मिश्र, अजय शुक्ल ने बीके पान्डेय का सम्मान किया । मंच संचालन रज्जन अग्निहोत्री, सुदेश दुबे साथी एवं अमित तिवारी ने किया । अखिल भारतीय सर्वब्राह्मण सम्मेलन में ब्राह्मण समाज की कुरीतियों की चर्चा कर उससे दूर रहने पर जोर दिया गया। सभा को चन्द्रभूषण बाजपेयी, शिवमंगल पान्डेय, विरेन्द्र पान्डेय, विजया अवस्थी, महेश तिवारी, औरय्या, शोभा त्रिपाठी, डा. प्रदीप शुक्ल ने किया। संचालन राघवेंद्र मिश्र ने किया।

### चेतना समारोह में सूर्या पुष्पा फाउंडेशन का सम्मान



**बिलासपुर।** शहर में चले सात दिवसीय महाअभियान चेतना अतुलनीय बिलासपुर सुरक्षित बिलासपुर में यातायात की पाठशाला व विभिन्न एक्टिविटी कराने के लिए चेतना सम्मान समारोह में श्री सूर्या पुष्पा फाउंडेशन के गौरव शुक्ला, छत्तीसगढ़ प्रेसीडेंट डॉ रमेश वैष्णव ग्रामीण प्रेसीडेंट जया साहू, शहरी प्रेसीडेंट आमना राजगीर, समन्वयक टिकेश्वर साहू, सदस्य राघव साहू, सत्येंद्र प्रजापति, सूरज साहू, चंद्रकांता को सम्मानित किया गया है। इस मौके पर एसपी रजनेश सिंह, यातायात अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चंद्राकर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उमेश कश्यप, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा सहित अन्य पुलिस अधिकारियों की टीम उपस्थित थे।

### हनुमान चालीसा पाठ के 100 सप्ताह पूर, श्रद्धालुओं ने की महाआरती

**बिलासपुर।** शैलेंद्र नगर अमेरी स्थित शिव हनुमान मंदिर में मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ के 100 सप्ताह पूरे हो गए। इस अवसर पर हनुमान चालीसा पाठ कर



संकटमोचन राम भक्त हनुमान की महा आरती की गई। श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। शैलेन्द्र नगर अमेरी में शिव हनुमान मंदिर में पिछले 100 सप्ताह से हनुमान चालीसा पाठ किया जा रहा है। जिसमें सैकड़ों की तादाद में श्रद्धालु शामिल होते आ रहे हैं। आज हनुमान चालीसा पाठ के 100 सप्ताह पूरे होने पर मंदिर के पुजारी सज्जन पंडित ने विशेष पूजा अर्चना की गई। शिवकुमार वर्मा ने बताया कि शिव हनुमान मंदिर में लगातार निर्वाण रूप से प्रत्येक मंगलवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें श्रद्धालु यहां प्रत्येक मंगलवार को पूजा अर्चना में शामिल होते हैं। हनुमान चालीसा पाठ करने वालों में बद्री प्रसाद गुप्ता, एस एल सोनी, संजय पांडे, रमेश श्रीवास, पालजी, पार्थ मैत्री,औरव पांडे,उषा वर्मा, रिया शर्मा, गीता अग्रहरि, शकुंतला सोनी, कुमकुम गोस्वामी, दीपाली डे, मिंकु मैत्री, समाप्ति मुखर्जी, कौशल्या देवी, निर्मला तिवारी, आस्था वर्मा, कार्तिक गोस्वामी, रामेश्वरी मानिक, सुभाष सिन्हा, अंशिका चौबे, खुशबू मैत्री, आदर्श वाजपेई आदि श्रद्धालु मौजूद थे।

## कलेक्टर ने ली क्लॉस

### बच्चों के स्कूल छोड़ने और बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहतर नहीं होने पर जताई नाराजगी

# प्राचार्यों को पता होना चाहिए बच्चे स्कूल क्यों नहीं आ रहे पढ़ाई शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी करें: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले के सरकारी स्कूलों में पिछले कुछ सालों से बोर्ड के परिणाम में गिरावट देखी जा रही है। 35 से 40 प्रतिशत बच्चे फेल हो रहे हैं। इसके अलावा सैकड़ों बच्चे बीच शिक्षण सत्र में ही पढ़ाई छोड़ दे रहे है।

नाराज कलेक्टर अवनीश शरण ने मंगलवार को स्कूल शिक्षा विभाग के अफसरों और प्राचार्यों की क्लॉस ली। उन्होंने प्राचार्यो से चर्चा कर परिणाम में कमियों पर संज्ञान लिया। कलेक्टर ने कहा कि बच्चे स्कूल क्यों नही आ रहे है इसकी जानकारी स्कूल के प्राचार्य को होनी चाहिए। प्राचार्य और शिक्षक बच्चे के घर जाकर पालकों से इस विषय पर चर्चा करें और बच्चों को स्कूल आने के लिए प्रेरित करें। इसके अलावा उन्होंने स्कूल के शिक्षकों के आचरण को लेकर कहा कि एक शिक्षक का संवाद जितना अच्छा होगा बच्चे और शिक्षक की दूरियां उतनी ही कम होगी। बच्चे खुलकर विषयवार अपनी समस्या बता पाएंगे।

बैठक में नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार, जिला पंचायत सीईओ आरपी चौहान, जिला शिक्षा अधिकारी टीआर साहू, आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त सीएल जायसवाल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद थे।





### सभी स्कूलों में मनाया जाए प्रवेशोत्सव

कलेक्टर अवनीश शरण ने शैक्षणिक सत्र शुरू होने के पहले सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 18 जून को शाला प्रवेश उत्सव शत-प्रतिशत स्कूलों में मनाने कहा। इसके साथ ही स्कूलों में गणवेश एवं पाठ्यपुस्तक वितरण कराने के निर्देश दिए। साथ ही स्कूलों की रंगाई-पुताई और मरम्मत के कार्य को भी समय पर पूरा करने के निर्देश शिक्षा विभाग के अफसरों को दिया है।

### रिजल्ट सुधारने योजना बनाने निर्देश

कलेक्टर अवनीश शरण ने मंगलवार को सिंचाई विभाग के प्रार्थना सभा भवन में 225 स्कूलों के प्राचार्यों की बैठक ली। बैठक में स्कूल खुलने के पहले की तैयारी, शाला प्रवेश उत्सव, शैक्षणिक सत्र 2024-25 में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार लाने समीक्षा की गई। बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम में बेहतर प्रदर्शन के लिए कार्ययोजना बनाकर उस पर अमल करने कहा।

### पोर्टल तैयार कर लेंगे टेस्ट

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने बताया कि बोर्ड परीक्षाओं में बेहतर परिणाम लाने के लिए कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग के लिए एक पोर्टल तैयार किया जाएगा, जिसमें संबंधित स्कूल के सभी बच्चों एवं शिक्षकों की एन्ट्री की जाएगी। प्रश्न पत्र भी पोर्टल में अपलोड किए जाएंगे। हर टेस्ट के बाद मॉडल आन्सर भी पोर्टल में अपलोड किया जाएगा। सभी बच्चों के नम्बरों की पोर्टल में एन्ट्री होगी। दिसम्बर तक सभी स्कूलों में सिलेबस पूरा करना होगा। कार्ययोजना के मूल्यांकन के लिए जिला और ब्लॉक स्तरीय कोर कमिटी का गठन किया जाएगा।

## पानी के लिए मारामारी, नहीं सुधर रही व्यवस्था, लोग परेशान

# दयालबंद आवास एरिया में पानी की समस्या, टेंकर आते ही लग रही भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दयालबंद मधुबन एरिया में जहां अटल आवास बना है वहां पर पानी को लेकर लोगों को बहुत समस्या हो रही है। नगर निगम द्वारा यहां टेंकर से पानी सप्लाई की जा रही है और अटल आवास में पानी का टेंकर पहुंचते ही वहां पर बर्तन लेकर महिलाओं की भीड़ लग जाती है और पानी के लिए काफी हल्ला मचता है। दयालबंद के मधुबन एरिया में दो बोर है, जिनसे वहां पर पानी मिलता था। लेकिन ये बोर नदी किनारे के एरिया में होने के कारण बोर में सीवरेज का गंदा पानी मिक्स हो रहा है, जिससे बोर का पानी पेयजल के लिए उपयोग के लायक नहीं है, इसलिए नगर निगम द्वारा बोर के पानी को पेयजल के लिए उपयोग करने से मना किया गया है और वहां पर रोज टेंकर से पानी सप्लाई की जा रही है। जैसे वहां पानी का टेंकर पहुंचता है, वैसे ही अटल आवास में रहने वाले लोग, महिलाओं की भीड़ लग जाती है।





पानी की समस्या से जूझ रहे दयालबंद आवास के लोग टेंकर आते ही इस प्रकार बर्तन लेकर कतार में लग जाते हैं।

### जबड़ापारा में नया बोर फेल, पुराने से नहीं आ रहा पानी

इसी तरह अरपापार जबड़ापारा एरिया में एक नया बोर असफल हो गया है और दूसरा पुराना बोर में पानी नहीं आ रहा है। भीषण गर्मी की वजह से जल स्तर नीचे चला गया है, जिससे यह बोर सूख गया है। इस वजह से आसपास के करीब डेढ़ सौ घरों में पानी की समस्या हो रही है। इसके लिए नगर निगम से टेंकर भेजकर पानी सप्लाई की जा रही है। टेंकर पहुचते ही सभी अपने-अपने घरों से पानी भरने बर्तन लेकर एक साथ पहुंच जाते हैं, जिससे वहां पर पानी के लिए रोज हो-हल्ला मचता है। तालापारा के संजयनगर व यादव मोहल्ला में भी पानी की समस्या बनी हुई है। वहां पर नगर निगम द्वारा टेंकर भेजकर पानी सप्लाई की जा रही है। यहां व्यापार विहार की पानी टंकी से सप्लाई होता है।

### की जा रही है सप्लाई

मधुबन एरिया में दो बोर हैं, जो नदी किनारे होने के कारण उसमें सीवरेज का दूषित पानी आ रहा है। इसलिए वहां पर पेयजल के लिए प्रतिदिन टेंकर भेजकर पानी सप्लाई की जा रही है। इसी तरह कुछ ही जगहों पर टेंकर से पानी सप्लाई हो रही है और बहुत ज्यादा समस्या वाली बात नहीं है।

**-अनुपम तिवारी**
प्रभारी, जल विभाग ननि

### तोखन से संभाला केंद्रीय राज्य मंत्री का पदभार, डबल इंजन से होगा विकास



**बिलासपुर।** सांसद तोखन साहू ने मंगलवार को शहरी विकास मंत्रालय के केंद्रीय राज्य मंत्री का पदभार ग्रहण कर लिया है। मोदी मंत्रीमंडल में छत्तीसगढ़ कोटे से उन्हें केंद्रीय राज्य मंत्री बनाया है। तोखन साहू हरियाणा के पूर्व सीएम और केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ काम करेंगे। मोदी के कैबिनेट में जगह मिलने से छत्तीसगढ़ में हर्ष की लहर है। केंद्र और राज्य दोनों जगहों पर बीजेपी की डबल इंजन की सरकार है। ऐसे में छत्तीसगढ़ के विकास के सपनों को पंख लगेंगे।

#### मकान का सपना पूरा करेंगे

13 दिसंबर 2023 को विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली और 14 दिसंबर को 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दे दी। अब इन 18 लाख मकानों को बनाने के सपने को तोखन साहू पूरा करेंगे। गरीबों के आशियाने के सपने को साहू पूरा करेंगे। वहीं पांच साल तक आवास और शहरी विकास के जुड़े प्रोजेक्ट कार्यों में तेजी आएगी। शहरी विकास की नई नीतियों को अमलीजामा पहनाया जा सकेगा।

#### तेजी से होंगे विकास के कार्य

तोखन साहू के केंद्रीय राज्य मंत्री बनने से सभी जिलों में भी तेजी से शहरी विकास होंगे। मूलभूत सुविधाओं में तेजी से इजाफा होगा। बिजली, सड़क, पानी, स्वच्छता, शहरी क्षेत्रों में जल निकासी, शहरी विकास के लिए योजनाए, शहरी परिवहन, अटल मिशन, दीन दयाल अंत्योदय योजना, आवास, सामुदायिक विकास, शहरी शौचालय, शहरी रोजगार समेत कई विकास कार्य कराये जाएंगे।

# लॉ एंड आर्डर के लिए चुनौती वाले मुद्दे निबटाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- कलेक्टर व एसपी ने की कानून-व्यवस्था की समीक्षा

कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी रजनेश सिंह ने संयुक्त रूप से एसडीएम एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून व व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने लॉ एण्ड आर्डर के लिए चुनौती बन सकने वाले संभावित मुद्दों की पहचान कर तत्परता से उनका निदान करने के निर्देश दिए।

जिले में अमन चैन बनाए रखने के लिए अधिकारियों को कई टिप्स भी दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी अपने कर्तव्य के दौरान जनता से जीवंत सम्पर्क बनाए रखें और सौहार्दपूर्ण माहौल में उनका निराकरण करें। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार एवं जिपं सीईओ रामप्रसाद चौहान सहित पुलिस व प्रशासन के अधिकारी बैठक में उपस्थित थे।



कलेक्टर अवनीश शरण एवं एसपी ने ली एसडीएम एवं पुलिस अधिकारियों की बैठक।

#### समस्याएं अचानक बड़ी नहीं होती, सबकी जानकारी में होती है: कलेक्टर

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अवनीश शरण ने कहा कि समस्याएं एकाएक बड़े आकार नहीं लेती। छोटे स्वरूप में हम सबके बीच जानकारी में होती हैं। यथासंभव हमें तत्काल संज्ञान में लेकर इसका पटाक्षेप करने का प्रयास करना चाहिए। अन्यथा समय बीतने पर ये अलग दिशा पकड़ लेती हैं। उन्होंने कहा कि हर छोटी-बड़ी घटना का विश्लेषण किया जाए। उन्होंने पुलिस एवं प्रशासन के अधिकारियों को आपसी तालमेल के साथ काम करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि दोनों आपस में बैठकर सूचना एवं जानकारी शेयर कर लें। दोनों के बीच आपसी समझ मजबूत होनी चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारियों से कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया का अवलोकन करते रहें। अफवाह एवं झूठ इनके जरिए तेजी से फैलता है। कलेक्टर ने कहा कि अपने मातहतों पर आंख मूंदकर विश्वास न करें।

#### अपराधियों पर कठोर रूख भी दिखना चाहिए: एसपी

एसपी रजनेश सिंह ने कहा कि पुलिस को मानवीय चेहरे के साथ-साथ अपराधियों के बीच कठोर रूख भी दिखना चाहिए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक के अलावा सामाजिक, आर्थिक, शैक्षणिक क्षेत्र की सूचनाओं पर ध्यान दें और कार्रवाई करें। उन्होंने पुलिस एवं मजिस्ट्रेट की आपसी समन्वय पर ज्यादा जोर दिया। इससे समाज में अच्छा संदेश पहुंचता है। उन्होंने कहा कि आम जनता एवं विभिन्न संगठनों से जितना ज्यादा संवाद होगा, उतनी ज्यादा जानकारी मिलेगी जो उपयोगी साबित होगी। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार ने शहरी क्षेत्रों में आने वाली समस्याओं एवं जिपं सीईओ राम प्रसाद चौहान ने ग्रामीणों की समस्या और उनके निदान की जानकारी साझा की। बैठक में एडीएम आरए कुरूवंशी, शिवकुमार बनर्जी, एडीशनल एसपी अर्चना झा सहित सभी एसडीएम, एसडीओपी, सीएसपी मौजूद थे।

## एजुकेशन प्लस

### जेईई एडवांस्ड में एलन से नैंसी का ऑल इंडिया रैंक 9992, वेद ऑल इंडिया टॉपर



**बिलासपुर।** आईआईटी मद्रास द्वारा घोषित जेईई एडवांस्ड के नतीजों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट बिलासपुर का शानदार परिणाम रहा।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट बिलासपुर के मेन्टर आशुतोष हिसारिया ने बताया कि एलन बिलासपुर के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट नैंसी गुप्ता ने ऑल इंडिया रैंक 9992 हासिल की है। वहीं वेद लाहौटी ने आल इंडिया टॉप किया। इसके अलावा रचित सिंह ने ओबीसी-एनसीएलए कैटेगरी से 6795 रैंक हासिल की है। एलन छग से भाग्यांश साहू का आल इंडिया रैंक 86 है। ओबीसी कैटेगरी में एआईआर 7 है। परिणामों में भाग्यांश साहू छग टॉपर रहा। इसके अलावा केशव कुमार रामूका ने एआईआर 510, पूर्वांश जैन की एआईआर 2103, टिया मित्तल की एआईआर 2462, अभिनव राठौड़ की एआईआर 2759, कृष्णा अग्रवाल की एआईआर 3608, कबीर डोडई की एआईआर 4095 एवं वत्सल परमार की एआईआर 4479 रही है। एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने बताया कि नेशनल रिजल्ट्स में एलन के स्टूडेंट वेद लाहौटी ने आल इंडिया टॉप किया है। एलन के टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स और टॉप-100 में 45 स्टूडेंट्स हैं। टॉप-10 में रैंक-1 के साथ एआईआर-4 पर रिदम केड़िया, 6 पर राजदीप मिश्रा, 7 पर द्विजा पटेल हैं। साथ ही एआईआर-12 पर राघव शर्मा, 15 पर शॉन थॉमस, 16 पर बिस्मित साहू, 21 पर शौर्य अग्रवाल, 22 पर नमिश, 23 पर अंश गर्ग, 26 पर मितांशु, 28 पर शेखर झा, 29 पर मो. सूफियान, 30 पर सागर वी, 31 पर इशान गुप्ता, 35 पर रिशित अग्रवाल, 36 पर विदिप रेड्डी, 37 पर अंशुल गोयल, 38 पर अक्षर झाला, 40 पर अरनव, 44 पर आदिश्वर सिंह व 49 पर अवैद रहे हैं। आल इंडिया रैंक-69 पर एलन लाइव क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र अविक दास रहे। ये सभी परिणाम ऑफिशियल वेलिडेटर अर्नस एण्ड यंग (ई-वाइ) से वैरिफाइड हैं।

## कोल इंडिया से आदेश हुआ जारी, 1 जून 2023 से प्रभावी होगी योजना

# कोयला अधिकारियों की एलआईसी में 31 हजार 250 की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

- कंपनी मुख्यालय में एफडी की 334वीं बैठक में लिया गया निर्णय

कोल इंडिया ने अधिकारियों के लाइफ कवर स्कीम में 31 हजार 250 रुपए की वृद्धि की है। कोल इंडिया के महाप्रबंधक गौतम बनर्जी की ओर से आदेश जारी किया गया है।

पहले लाइफ कवर स्कीम के तहत सवा लाख रुपए था। कोल इंडिया बोर्ड ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 56 हजार 250 रुपए कर दिया है। इसके मुताबिक कोल इंडिया एफडी की 334वीं बैठक 23 अप्रैल को कंपनी मुख्यालय कोलकाता में हुई थी, इसमें कंपनी के अधिकारियों के लिए जीवन बीमा योजना के अंतर्गत राशि को 1 लाख 25 हजार रुपये से बढ़ाकर 1 लाख 56 हजार 250 रुपये करने की स्वीकृति प्रदान की, जो एक जून 2023 से प्रभावी होगी। जारी आदेश में लिखा गया है कि जब जब गैर अधिकारियों के लाइफ कवर स्कीम में वृद्धि होगी, उसी तिथि से अधिकारियों के लिए भी लाइफ कवर स्कीम में वृद्धि की जाएगी। जारी आदेश में सभी अनुषंगी कंपनियों को कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। मालूम हो कोयला अधिकारी की मौत हो जाने पर उक्त राशि का एकमुश्त भुगतान किया जाता है। कोल इंडिया के उक्त फैसले का सीएमओएआई ने स्वागत किया है। सीएमओएआई के अध्यक्ष अरूण कुमार सिंह, महासचिव निर्झर चक्रवर्ती, एपेक्स के उपाध्यक्ष सुनील कुमार एवं सीएमओएआई के पूर्व महासचिव भवानी बंदोपाध्याय ने स्वागत किया। अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह ने कहा कि सीएमओएआई की ओर से इस मुद्दे को कई बार उठाया गया है।





#### ओपीडी शुल्क में 850 रुपए की वृद्धि, बढ़कर 12 सौ हुई

कोल इंडिया के अधिकारी कर्मचारी को ओपीडी शुल्क की प्रतिपूर्ति की राशि 12 सौ रुपये कर दी गई है। पहले यह 350 रुपये थी। इस तरह अधिकारी कर्मचारियों के ओपीडी राशि में भी 850 रुपए की वृद्धि कर दी गई है। इस संबंध के आदेश कोल इंडिया के उप महाप्रबंधक राजेश वी नायर ने जारी किया है।

#### 147 अधिकारी बनेंगे जीएम

लोकसभा चुनाव को लेकर लागू आचार संहिता खत्म होते ही कोल कंपनियों ने अपने अधिकारियों कर्मचारियों के लिए तोहफे का पिटारा खोल दिया है। तीन-चार माह पहले प्रोन्नति के लिए आयोजित साक्षात्कार के तहत 147 कोयला अधिकारियों के प्रमोशन की अनुशंसा कर दी गई है। एसईसीएल के 31 समेत कोल इंडिया व सहायक कंपनियों में पदस्थ 147 अधिकारी जीएम बनेंगे, एक फरवरी से 29 मई तक आयोजित साक्षात्कार के पश्चात कोल इंडिया ने माइनिंग संभाग के कुल 147 चीफ मैनेजर को जीएम में पदोन्नति की अनुशंसा की है। इसके मुताबिक इ-7 सेइ- 8 ग्रेड में पदोन्नति के लिए चीसीसीएल के नौ, सीसीएल के 16, इसीएल के 14, बीसीसीएल के 9, डब्ल्यूसीएल के 25, सीएमपीडीआइ के 17, एमसीएल व एनसीएल के 12-12, कोल इंडिया मुख्यालय के 11 समेत कुल 147 अधिकारियों के पदोन्नति की अनुशंसा की गयी है। बीसीसीएल से बासुदेव नंदन पंडित, निखिल बी त्रिद्वेदी, एमडी हफिजुल कुरैशी अरविंद कुमार सिन्हा, राकेश बेहारी राव, तुनेश्वर पासवान, किशोर कुमार सिंह, मिथिलेश कुमार व सत्येंद्र कुमार सिंह को पदोन्नति मिलेगी।

### हाफ वे होम ने 6 बिछड़ों को परिवार से मिलवाया

**बिलासपुर।** मां डिंडेश्वरी शिक्षा समिति द्वारा संचालित हाफ वे होम पुनर्वास केंद्र द्वारा 6 मरीजों को उनके परिवार से मिलाने में सफल रहा।

- अब तक 676 मरीजों का किया पुनर्वास

संस्था के सचिव प्रमोद शर्मा ने बताया कि हाफ वे होम पुनर्वास केंद्र राज्य मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सालय सेंदरी से डिस्चार्ज कराकर अपने संरक्षण में रखती है। उनका पुनर्वास करती है। वर्तमान में ऐसे ही अपने परिवार से बिछड़े छग राज्य के कोरबा जिले के 6 मरीजों को हाफ वे होम के द्वारा घर तक पहुंचाकर उनके उनके बिछड़े परिवार से मिलवाया है। इन 6 मरीजों में बदले हुए नाम आकाश, प्रीतम, बलराम, गौतम, विकास, संतोष आदि का पुनर्वास 9 जून को किया गया। मरीज के बिछड़े परिजन अपने सदस्य से मिलकर काफी खुश हैं। अब तक 676 मरीजों का सफलतापूर्वक पुनर्वास किया जा चुका है। इसमें सचिव प्रमोद शर्मा, वार्ड अधीक्षक सरफराज अली, अनुराधा उपाध्याय, जितेन्द्र कुमार बरगाह, हक्कुल खान, रजनी यादव आदि का योगदान रहा।

तापमान
अधिकतम 41.8 डिग्री
न्यूनतम 28.8 डिग्री

हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, बुधवार 12 जून 2024

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | रतनपुर | पथरिया


महाराणा प्रताप चौक में बस स्टॉप की जगह निर्धारित नहीं है। ऐसे में बीच सड़क पर बस रुक जाती है। दूसरे वाहन इसमें फंस जाते हैं और जाम होता है।

## खबर संक्षेप

### शांति समिति की बैठक आज

**बिलासपुर।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी इद-उल-जुहा (बकरीद) पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने और पर्व के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अन्य प्रशासनिक व्यवस्था के संबंध में 12 जून को शाम 5 बजे शांति समिति की बैठक जिला कार्यालय के मंथन सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### पीईटी, पीपीएचटी प्रवेश परीक्षा कल

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल(व्यापमं) की ओर से पीईटी, पीपीएचटी, प्री-एमसीए की प्रवेश परीक्षा 13 जून को होनी है। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी व्यापमं की वेबसाइट www.vyapam.cgstate.gov.in पर जाकर डाउनलोड कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा के माध्यम से प्रदेशभर के इंजीनियरिंग और फार्मेसी कालेजों में प्रवेश दिए जाएंगे। ज्ञात हो कि इंजीनियरिंग और फार्मेसी के लिए लगभग 40 हजार छात्र-छात्राओं ने आवेदन किया है। परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र में एक घंटे पहले पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही दो रंगीन फोटो और मतदाता पहचान पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस समेत अन्य फोटोयुक्त आइडी प्रुफ लेकर परीक्षा देने के लिए केंद्र में पहुंचना है।मूल पहचानपत्र के अभाव पर परीक्षार्थी को केंद्र में प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

### घंटे भर बंद रही बिजली गर्मी से उबले उपभोक्ता

**बिलासपुर।** बिजली उपभोक्ताओं को गर्मी के साथ ही बिजली के सितम भी सहना पड़ रहा है, मंगलवार को शहर में एक बार फिर बिजली बंद का सामना करना पड़ा, इस दौरान मंगला, हेमुनगर, दयालबंद, करबला, सर्किट हाउस, कदूदंड, सरकंडा क्षेत्र में बिजली बंद रही, हालांकि इस दौरान महज घंटें दो घंटे तक ही बिजली बाधित रही, लेकिन 42 डिग्री तापमान में मरीजों की हालत खराब हो गई। वहीं कुछ जगहों पर बिजली विभाग मेंटनेंस में जुटा रहा, इसके लिए पहले से ही सूचना देकर करीब एक से डेढ़ घंटे का शेड्यूल लिया गया, और सबस्टेशन में रखरखाव और अन्य कार्य किए गए। तेलीपारा दरबार लाज के पास ट्रांसफार्मर बदलने के लिए बिजली बंद की गई।

### कोषालयों में होगा पेपरलेस काम

**बिलासपुर।** राज्य के सभी कोषालयों में जुलाई महीने से ई-बिल की व्यवस्था लागू कर दी जाएगी। इससे पहले कोषालयों को भेजे जाने वाले दस्तावेजों में ई-बिल सिस्टम की अनिवार्यता लागू नहीं थी, लेकिन जुलाई से इसकी अनिवार्यता लागू होने वाली है। ई-बिल की व्यवस्था न सिर्फ मासिक वेतन के भुगतान के लिए बल्कि मेडिकल क्लेम सहित सभी प्रकार के बिलों को अब ई-बिल के माध्यम से आनलाइन प्रस्तुत किया जाना है। कोषालयों में जाकर मोटी फाइल प्रस्तुत करने के बजाय अब आनलाइन प्रकरण प्रस्तुत करना होगा। वित्त विभाग ने निर्देशित किया है कि नई व्यवस्था को लागू करने के लिए अधीनस्थ कार्यालयों में व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही सभी कार्यालयों में स्कैनर, इलेक्ट्रानिक उपकरणों की भी व्यवस्था की जानी अनिवार्य है। अधिकारियों के मुताबिक कोषालयों में व्यवस्था पेपरलेस किए जाने की तैयारी है। कोषालयों में ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों तरीके से आवेदनों को प्रस्तुत किया जा रहा था। आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष साफ्टवेयर की मदद से ई-बिल प्रस्तुत किए जाएंगे। कोषालय अधिकारी ई-बिल भुगतान के पहले सभी बिंदुओं की जांच करने के बाद भुगतान के लिए अग्रेषित करेंगे।

# 17 हजार गरीब छात्रों को छोड़ना पड़ा प्राइवेट स्कूल, क्योंकि सरकार फीस तो दे रही, लेकिन छोटी कक्षाओं में यूनिफॉर्म-कॉपी-किताबों पर ही 15 हजार खर्च

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के तहत 2012 से अब तक करीब 3 लाख 10 हजार छात्रों को प्रदेश की 6 हजार स्कूलों में दाखिला तो मिला, लेकिन इनमें से 17 हजार से ज्यादा बच्चों को पढ़ाई छोड़नी पड़ गई है। इसके कई कारण रहे हैं। आरटीई के तहत इन बच्चों के लिए फीस तो सरकार दे रही है, लेकिन यूनिफॉर्म और कॉपी-किताबों पर छोटी कक्षाओं में ही 10-15 हजार का सालाना खर्च आ रहा है। इसे वहन करने में गरीब अभिभावक परेशान हो रहे हैं। इसके साथ ही बड़े निजी स्कूलों में दूसरे खर्चे भी काफी महंगे है जो कि बच्चों के लिए परेशानी का कारण बने हुए हैं। अब हाईकोर्ट ने सरकार से और निजी स्कूलों से पूरी रिपोर्ट मांगी है।

जानकारी के मुताबिक आरटीई में दाखिल बच्चों की फीस आदि का खर्च तो सरकार उठाती है, लेकिन निजी स्कूल यूनिफॉर्म और कॉपी-किताबों के नाम पर इतनी रकम की डिमांड कर रहे हैं कि वहां बच्चों का पढ़ पाना संभव नहीं हो पा रहा है और वे पढ़ाई छोड़ रहे हैं। खास बात यह भी है कि आरटीई में दाखिल बच्चे अगर स्कूल छोड़ें तो प्रबंधन को उसके पैरेंट्स से बात कर रिपोर्ट डीईओ को भेजनी होती है लेकिन हजारों बच्चों के पढ़ाई छोड़ने के बावजूद जिला शिक्षा अधिकारियों के पास स्कूलों की ओर से गिनती की रिपोर्ट ही पहुंची हैं।

**शिक्षा का अधिकार**

- महंगे यूनिफॉर्म और कॉपी-किताबों का खर्चा वहन नहीं कर पा रहे
- अब हाईकोर्ट ने सरकार से और निजी स्कूलों से पूरी रिपोर्ट मांगी है



### हाईकोर्ट के निर्देश का पालन नहीं

इस पूरे मामले में बिलासपुर हाईकोर्ट के इस निर्देश का पालन नहीं हो रहा है कि निजी स्कूलों में आरटीई के अंतर्गत एक भी सीट रिक्त नहीं होनी चाहिए। प्रदेश में पिछले साल आरटीई की 80 हजार सीटें थीं, जिनमें से केवल 37 हजार ही भर पाईं, शेष 43 हजार खाली रह गईं। यही नहीं, आरटीई कानून में प्रावधान है कि प्रत्येक शिक्षा सत्र में प्रत्येक शिक्षक को 220 दिन अध्यापन में अनिवार्य रूप से देना है। इस पर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। केन्द्रीय शिक्षा बोर्ड और एनसीपीसीआर के सर्वे के मुताबिक शिक्षक सिर्फ 42 दिन ही अध्यापन में दे पा रहे हैं। बाकी समय चुनाव ड्यूटी, जनगणना और अन्य गैर-शैक्षणिक कार्यों में व्यस्त होने लगे हैं।

### पैरेंट्स एसोसिएशन ने की मांग

इस मामले में आरटीई से दाखिला मिलने के बाद स्कूल छोड़ने वाले बच्चों के अभिभावकों का कहना है कि जिन बच्चों को अच्छे स्कूल में दाखिला मिला, उनकी कॉपी-किताब, ड्रेस और जूता-मोजे, टाई-बेल्ट और परिवहन के लिए लगभग 10 से 15 हजार रुपए एक बच्चे के पीछे हर साल खर्च करना पड़ रहा है। निजी स्कूलों में दाखिला और पढ़ाई की सोच कई कारणों से प्रभावित हो रही है। अभिभावकों के अनुसार यूनिफॉर्म, कॉपी-किताब की कीमत व अन्य खर्च की वसूली इस तरह की जाती है कि न देने पर बच्चे खुद स्कूल छोड़ रहे हैं, या फिर प्रबंधन उन्हें बाहर कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसिएशन ने ऐसे स्कूलों पर कार्रवाई करने शासन को पत्र भी सौंपा है।

### फैक्ट फाइल

**सत्र 2021-22**

| | |
|---|---|
| कुल स्कूल | 6,000 |
| आरक्षित सीटें | 80,000 |
| कुल आवेदन | 76,875 |
| सीटें आबंटित | 37,000 |
| खाली सीटें | 43,000 |

**सत्र 2022-23**

| | |
|---|---|
| कुल स्कूल | 6,451 |
| आरक्षित सीटें | 86,508 |
| कुल आवेदन | 99,798 |
| आबंटित सीटें | 48,154 |
| खाली सीटें | 38,354 |

### छात्रों को आरटीई में सीधी सुविधा

- प्राइमरी में हर छात्र को अधिकतम 7 हजार रुपए वार्षिक
- मिडिल के हर छात्र को 11 हजार 400 रुपए वार्षिक
- यूनिफार्म 540,शिक्षण सामग्री 250 -450 रु. वार्षिक

### वर्षवार एडमिशन

| वर्ष | संख्या |
|---|---|
| 2016-17 | 25,084 |
| 2017-18 | 33,560 |
| 2018-19 | 44,117 |
| 2020-21 | 25,875 |
| 2021-22 | 37,933 |
| 2022-23 | 41,935 |
| 2023-24 | 40,254 |

**बनाई जा रही है रिपोर्ट**

छात्रों को आरटीई के तहत प्राइमरी में हर छात्र को अधिकतम 7 हजार रुपए वार्षिक, मिडिल के हर छात्र को 11 हजार 400 रुपए वार्षिक दिया जाता है। इसके साथ ही यूनिफार्म और शिक्षण सामग्री के लिए एक राशि दी जाती है। बच्चे स्कूल क्यों छोड़ रहे हैं इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।

- आरपी आदित्य
संयुक्त संचालक
शिक्षा विभाग

## बिल्हा अस्पताल में निजी एम्बुलेंस का कब्जा

# महतारियों को निजी अस्पताल भेजने का चल रहा खेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्भवती महिलाओं का ब्लॉक स्तर में ही सभी तरह के इलाज संभव हो सके इसलिए शासन प्रयासरत है, और बिल्हा में 50 बेड का मातृ एवं शिशु अस्पताल भी बनाया गया, लेकिन इस अस्पताल में कार्यरत स्टाफ और दलाल महतारियों को भय और झांसा देकर उन्हें निजी अस्पताल रिफर कर रहे हैं। यह खेल काफी महीनों से बेरोक टोक चल रहा है, ऐसे में अस्पताल प्रबंधन की मिली भगत भी साबित हो रही है, लेकिन इस पर लगाम लगाने की हिम्मत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी नहीं कर सके है।

बिल्हा में बनाए गए मातृ एवं शिशु अस्पताल का फायदा क्षेत्र की महतारियों को नहीं हो रहा है, अस्पताल में दलाल पूरी तरह से सक्रिय हैं, और इनके निजी एम्बुलेंस 24 घंटे अस्पताल के बाहर तैनात रहते हैं, जो शाम ढलते ही अस्पताल में भर्ती महतारी और मरीजों को सीधे निजी अस्पताल ले जा रहे हैं। खास बात यह है कि शहर के नामचीन अस्पताल इन दलालों को मोटी रकम भी दे रहे हैं जिससे इनका धंधा फल फूल रहा है।

वहीं अस्पताल के स्टाफ और डाक्टर की मिली भगत इस कदर चल रही है कि इस पर रोक लगाने की हिम्मत स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारी तक नहीं कर रहे हैं। निजी अस्पताल के एम्बुलेंस मरीजों को अच्छे अस्पताल और बड़े डाक्टर का झांसा देकर मरीजों को लूट रहे हैं, वहीं कई बार मरीजों के आसपास भय का माहौल भी बनाने से नहीं बिचक रहे हैं, जिससे मरीज मजबूरी में इन दलालों के झांसे में आकर रूपए और जान दोनों गंवा रहे हैं।


बिल्हा के मातृ एवं शिशु अस्पताल के सामने जमे रहती है निजी एंबुलेंस।

**इलाज में लापरवाही का झांसा देकर मरीजों को भेजा जाता है निजी अस्पताल**

**सरकारी एम्बुलेंस चालकों से निजी एम्बुलेंस और दलाल करते हैं रंगदारी**

### सरकारी वाहन चालकों से मारपीट

बताया जा रहा है कि अस्पताल के बाहर तैनात निजी एम्बुलेंस चालक और दलाल सरकारी एम्बुलेंस के चालकों से अक्सर गाली गलौज और मारपीट करने में आमादा हो जाते हैं। परिसर में सरकारी एम्बुलेंस होने के बाद भी निजी एम्बुलेंस से ही मरीजों को रिफर कराया जा रहा है, जबकि अस्पताल प्रबंधन इस बारे में कठोर कार्रवाई भी नहीं कर पा रहा है।

### की जाएगी कार्रवाई

मेरी जानकारी में मामला नहीं आया है, इस बारे में बीएमओ से चर्चा की जाएगी, सरकारी एम्बुलेंस और सरकारी स्वास्थ्य सुविधा प्रत्येक मरीज के लिए है। जांच कराई जाएगी और कठोर कार्रवाई की जाएगी।

- **डॉ प्रभात श्रीवास्तव**, सीएमएचओ,

# बलौदाबाजार पुलिस ने शहर में मारा छापा, 3 पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बलौदाबाजार के कलेक्टोरेट व एसपी आफिस व गाड़ियों में आग लगाने के मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से शहर में दबिश देकर तीन युवकों को पकड़ा है। वहीं देर रात तक पुलिस शहर में रहकर छापामार कार्रवाई करती रही।

ज्ञात हो कि सोमवार को बलौदाबाजार में आंदोलन के दौरान कलेक्टोरेट व एसपी आफिस के अलावा खड़ी गाड़ियों में आग लगाकर जमकर तोड़फोड़ की गई थी। बलौदाबाजार पुलिस वीडियो के आधार पर बवाल मचाने वालों की धरपकड़ कर रही है। मंगलवार को बलौदाबाजार डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस टीम बिलासपुर आई। सिविल लाइन पुलिस के सहयोग से जरहाभाठ मिनीबस्ती में दबिश देकर विक्रम जांगड़े, आदित्य जोशी व एक अन्य को पकड़ लिया है। तीनों युवकों को पुलिस बलौदाबाजार लेकर लौट गई है। वहीं डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस की टीम देर रात तक शहर के अलग अलग जगहों में दबिश दे रही थी थी। बताया जाता है बलौदाबाजार पुलिस के पास शहर के करीब 10 से 15 लोगों का नाम है, जिनकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है। सभी घर छोड़कर भाग गए हैं।

- पुलिस देर रात तक छापामार कार्रवाई करती रही

# प्रतिबंधित कफ सिरप बेचने वाले सरगना को 15 साल कैद, डेढ़ लाख रुपए जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोर्ट ने प्रतिबंधित कफ सिरप बचने वाले सरगना को 15 साल कैद की सजा सुनाई है, साथ ही डेढ़ लाख रुपए जुर्माना पटाने का भी आदेश दिया है।

10 मार्च 2023 को सिविल लाइन पुलिस को सूचना मिली जरहाभाठा जतिया तालाब सुलभ कांप्लेक्स के पास एक युवक प्रतिबंधित कफ सिरप बेच रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जरहाभाठा निवासी सर्वेश मनहर उर्फ कोंदा उर्फ बबलू पिता हरेन्द्र मनहर 25 साल को बाइक क्रमांक सीजी 25 के, 9327 के साथ पकड़ लिया। उसके बैग की तलाशी लेने पर 31 नग प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद किया गया था। पुलिस ने 21 सी एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रतिबंधित कफ सिरप जब्त कर उसे गिरफ्तार कर चालान कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों की गवाही के बाद आरोपी सर्वेश मनहर उर्फ कोंदा को 15 साल कैद व डेढ़ लाख रुपए जुर्माना पटाने की सजा सुनाई है। शासन की ओर से विशेष लोक अभियोजक घनश्याम प्रसाद चतुर्थी ने मामले की पैरवी की। ज्ञात हो कि एक दिन पहले कोनी मोपका बाइपास में दो कार से 79 किलो 200 ग्राम गांजा के साथ पकड़े गए 5 तस्करों को 15 - 15 साल की सजा सुनाई गई थी और डेढ़ - डेढ़ लाख रुपए जुर्माना किया गया था।

### हवलदार का मुखबिर बनकर करता था धंधा

आरोपी सर्वेश मनहर उर्फ कोंदा पूर्व में सिविल लाइन थाने में पदस्थ एक हवलदार का मुखबिर था। उसका रोज थाने में आना जाना था। वह बस्ती में नशे के कारोबार करने वालों को पकड़वाता था। उसके बाद वह धीरे से स्वयं बड़े स्तर पर नशे का कारोबार करने लगा था। पूर्व में उसे कोर्ट के मालखाना में चोरी करते हुए भी पुलिस ने पकड़ा था।

### शहर के कई इलाकों में चल रहा नशे का कारोबार

कप सिरप सहित अन्य नशे का कारोबार शहर के कई इलाकों में फल फूल रहा है। इनमें तालापारा, मिनी बस्ती, जरहाभाठा, सरजू बगीचा, चांटीडीह सहित अन्य इलाके हैं जहां नशे का कारोबार किया जाता है। पुलिस समय समय पर कार्रवाई करती है और आरोपियों को भी पकड़ती है लेकिन सख्त कार्रवाई नहीं होने से ये फिर उसी धंधे में सक्रिय हो जाते हैं। इस प्रकार की सख्त सजा मिलने से नशे का धंधा करने वालों में डर पैदा होगा और वे इससे दूर होंगे।

## कश्यप कालोनी नाला निर्माण जल्द पूरा करने निर्देश

# जल भराव क्षेत्रों का निगम कमिश्नर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बारिश के पूर्व जल भराव की समस्या से निपटने के लिए नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार ने मंगलवार को संभावित जल भराव वाले क्षेत्रों का दौरा किया। शहर के जिन मोहल्लों में जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है, उन मोहल्लों में जाकर निगम कमिश्नर ने जायजा लेते हुए आवश्यक तैयारियों के निर्देश दिए हैं।

नगर निगम कमिश्नर अमित कुमार आज आगामी बरसात में जल भराव की समस्या को देखते हुए शहर के उन क्षेत्रों का निरीक्षण करने निकले थे। कमिश्नर ने जोन क्रमांक 4 के भारतीयनगर, श्रीकांत वर्मा मार्ग, विनोबानगर तारबाहर क्षेत्र का दौरा किया। इस दौरान सभी नालियों को साफ करने और पानी निकासी के लिए अभी से पंप की टेस्टिंग कर तैयार करने के निर्देश दिए। इसके अलावा कहीं भी कचरा जमा न हो, इसका ध्यान रखने साथ ही कचरा फेंकने वालों के खिलाफ जुर्माने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। नालियों में कहीं भी चेम्बर खुला न रहे, इसकी जांच करने के भी निर्देश दिए। इसी तरह जोन क्रमांक 5 के जवाली नाला, कश्यप कालोनी, निराला नगर और मामा भांचा तालाब एरिया का भी कमिश्नर ने निरीक्षण किया। कश्यप कालोनी में निर्माणाधीन नाला को बारिश के पूर्व तेज गति से करते हुए पूर्ण करने के निर्देश दिए। इसके अलावा जवाली नाला में दूरी के अंतराल में चेंबर की साइज बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि समय पर व्यवस्थित सफाई की जा सके। इसके अलावा साफ-सफाई के लिए विशेष निर्देश दिए गए हैं।

**नाली में कचरा डालने वाले होटल संचालकों पर जुर्माना**

- नालियों की सफाई, डीवाटरिंग के लिए पंप व स्वच्छता अभियान चलाएं


निरीक्षण करते निगम कमिश्नर अमित कुमार।

### मकान मालिक समेत दो होटलों पर जुर्माना

तारबाहर क्षेत्र में एक निर्माणाधीन भवन में निर्माणकर्ता द्वारा सड़क के किनारे नाली को मलबे से पाट दिया गया है। निरीक्षण के दौरान संज्ञान में आने पर भवन मालिक के खिलाफ 3 हजार रुपए जुर्माने के निर्देश निगम कमिश्नर ने दिए हैं। इसके अलावा श्यामा होटल और रसोई रेस्टारेंट द्वारा नाली में कचरा डालकर जाम किया जा रहा था, जिसके खिलाफ भी क्रमशः 2 हजार रुपए और 1500 रुपए का जुर्माना किया गया है।

# मानसून का हो रहा इंतजार पारा 41 डिग्री पार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

नवतपा भले ही खत्म हो गई हो लेकिन अभी भी सूरज की तपिश से लोगों का बुरा हाल है। लोग मानसून के इंतजार में हैं, लेकिन तापमान 41 डिग्री पार चल रहा है। ऐसे में गर्मी और उमस से लोग परेशान हो रहे है। इन दिनों अधिकतम और न्यूनतम तापमान समान्य से 2 डिग्री अधिक दर्ज हो रही है। ऐसे में लोगों का हाल बेहाल हो रहा है। मंगवार सुबह थोड़ी बदली थी, लेकिन 10 बजे के बाद पारा चढ़ा चिलचिलाती धूप के कारण उमस भरी गर्मी ने लोगों के पसीने छुड़ा दिए। दोपहर में अधिकतम तापमान 41.8 डिग्री दर्ज हुआ वहीं न्यूनतम तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विशेषज्ञ डॉ.एचपी चंद्रा ने बताया कि एक विंड शेयर जोन 17 डिग्री उत्तर में 3.1 किलोमीटर से 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

- गर्मी और उमस से लोग हो रहे परेशान

### खेती-किसानी के काम में जुटने लगे किसान

प्री-मानसून गतिविधियां शुरू होने के साथ ही अब अंचल के किसान खेती-किसानी के काम में जुट गए है। खाद-बीच की व्यवस्था में सोसाइटी पहुंचने लगे है। इधर खेतों को सुधारने के साथ ही खुर्रा जोताई के काम भी शुरू कर दिए है। जून माह के समाप्त होते ही जुलाई में खेती-किसानी के काम में तेजी आएगी। अभी तरहा लगाने के लिए बीच लेने किसान बीज निगम तक पहुंच रहे है। मांग अधिक होने के कारण बीज का संकट भी शुरू हो गया है।

## खबर संक्षेप



### जोंधरा स्कूल के बच्चों ने मनाया खेल दिवस

**मल्हार।** अटल विश्वविद्यालय से सम्बद्ध रासेयो की इकाई तक्षशिला उमावि जोंधरा के स्वयं सेवकों ने पहला अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस 11 जून को मनाया। कार्यक्रम अधिकारी पूरन सिंह ने कहा कि इन खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक विकास होता है। उक्त कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम समन्वयक मनोज कुमार सिन्हा और जिला संघटक काँति अंचल के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से स्कुल के प्राचार्य पुनेश कुमार पटेल, कार्यक्रम अधिकारी पुरन सिंह ठाकुर, सहायक शिक्षक बलराम दिनकर, एसके कश्यप सहित स्वयं सेवकों की सहभागिता रही।

## निधन

### एमपी राय



**बिलासपुर।** राजेन्द्र नगर चौक निवासी यूके बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारी एमपी राय का 11 जून को निधन हो गया। वे 86 वर्ष के थे। उनकी अंतिम यात्रा 12 जून को उनके निवास से सुबह 9 बजे सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुबीर राय व मधुरिमा सेन के पिता थे।

### विपती जायसवाल



**बिलासपुर।** ग्राम कोडापुरी निवासी विपती जायसवाल का 11 जून को निधन हो गया। वे 75 वर्ष की थीं। उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम में किया गया। वे सेवानिवृत्त शिक्षक जय राम जायसवाल की पत्नी, दिनेश, राकेश व कुसुम जायसवाल की मां थीं।

### चिंतामणि ताम्रकार



**बिलासपुर।** विजयापुरम निवासी चिंतामणि ताम्रकार का 11 जून को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जून को सुबह 10 बजे उनके निवास से सरकंडा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे गणेश प्रसाद ताम्रकर के पुत्र एवं बिहारी लाल ताम्रकार के भाई तथा विजय ताम्रकार के मामा थे।

### पुलिस थाने से दो किलोमीटर दूर चोरों ने वारदात को दिया अंजाम

# सूने मकान में चोरों का धावा, सोने चांदी सहित नकदी पार, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

ग्राम फास्टरपुर थाने से लगभग 2 किलोमीटर की दूरी पर सूने मकान में घुसकर सोने, चांदी के आभूषण सहित 43 हजार कीमती सामान सहित नकदी लेकर आरोपी फरार हो गए। पुलिस जुर्म कायम कर मामले की विवेचना में जुट गई है। जिस मकान में चोरी की घटना हुई वह है।

पुलिस के अनुसार 10 जून को ग्राम कैथ नवागांव निवासी रमेश दास पिता समलदास अंनत ने थाने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह एक माह से घर में नहीं रहते है। पेशे से पति -पत्नी शिक्षक है। पिछली बार 4 जून को मतगणना के दौरान शासकीय ड्यूटी करने घर आए थे। 10 जून को सुबह घर में साफ सफाई करने वाली महिला केयर टेकर जब साफ सफाई करने पहुंची तो दरवाजे का ताला टूटा हुआ पाया एवं



आलमारी के दरवाजे का लाक टूटा पडा है था। जिसके बाद वह मकान मालिक रेमश अंनत को घटना के बारे में जानकारी दी। रिपोर्ट में बताया गया कि मकान से आलमारी का ताला तोडकर सोने के कान का, सोने की पत्ती सहित चांदी की पायल, किमती 20 हजार, दो गुल्लक से नकदी 23 हजार की चोरी कर फरार हो गए।

### जुर्म दर्ज

मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धारा 457,380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

**-कार्तिक जांगड़े,** थाना प्रभारी, फास्टरपुर

### फार्म हाऊस का ताला तोड़कर चोरी, जुर्म दर्ज

**तखतपुर।** फार्म हाऊस का ताला तोड़कर अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। पुलिस के अनुसार निगारबंद निवासी दीपक पाण्डेय ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 10 जून को सुबह 7 बजे निगारबंद स्थित कृषि फार्म हाऊस गया तो देखा कि दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर पेटी का ताला तोड़कर उसमें रखे एक जोडी सोने का झुमका 10 ग्राम, 5 नग सोने का लाकेट 10 ग्राम, 2 नग सोने की अंगूठी 6 ग्राम, 1 जोडी सोने का टाप्स 4 ग्राम कीमती 50 हजार रूपए एवं पुरानी 1 जोडी चांदी की पायल 200 ग्राम, हाफ करधन फैन्सी 100 ग्राम 20 हजार सहित 70 हजार का सामान अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया।। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 380, 457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

### कैंची से हमला कर फरार आरोपी शिवरीनारायण से गिरफ्तार



**सीपत।** अधेड़ पर कैंची से जानलेवा हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने शिवरीनारायण से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सीपत थाना क्षेत्र अंतर्गत निषाद पिता प्रीतम निषाद उम्र 23 साल निवासी धनिया थाना सीपत का 10जून को थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 9जून को रात्रि खाना खाकर घर से बाहर निकला तो इसका चाचा संतराम केंवट ने हरि कहकर चिल्लाया आवाज सुनकर गया तो देखा कि मेरा चाचा संतराम केंवट अपने पेट को पकड़ा था, पेट में चोट लगा था और बताया कि इंद्रपाल भारद्वाज के द्वारा चाकू से मारा हैं, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था । प्रकरण के आरोपी घटना कारित कर फरार था जिसका पता तलाश किया जा रहा था पतासाजी के दौरान आरोपी को ग्राम सलखन थाना शिवरीनायण जांजगीर चांपा में फरार होने की जानकारी मिली। जिस पर पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया।



## राजपूत क्षत्रिय समाज ने निकाली बाइक रैली

**लोरमी।** नगर में राजपूत क्षत्रिय समाज ने महाराणा प्रताप जयंती मनाई एवं शौर्य बाइक रैली निकाली। शौर्य बाइक रैली नगर के राजपूत भवन प्रारंभ हुई। इस दौरान डीजे में महाराणा प्रताप के शौर्य की धुन बजती रही और समाज के लोग शौर्य प्रदर्शन करते नजर आए। रैली का जगह-जगह स्वागत किया गया ।

रैली भाठापारा, सारधा, झाफल, सेमरिया होते हुए लोरमी पहुंची। जहां प्रसादी एवं रसना वितरण कर रैली का समापन हुआ।मुख्य अतिथि नैन सिंह परिहार, क्षत्रिय समाज बिलासपुर जिला अध्यक्ष ने कहा कि मुगल काल में अकबर की अधीनता स्वीकार न करके अपने स्वाभिमान के बल पर अलख जगाने वाले वीर प्रताप के जीवन से हम प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उतारें। संजय ने कहा कि महाराणा प्रताप की वीरता, त्याग, बलिदान, स्वाभिमान, देश प्रेम जैसे गुणों को आत्मसात करके देश व समाज की निस्वार्थ भाव से सेवा करने का संकल्प लें। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों ने महाराणा प्रताप के प्रतिमा में माल्यार्पण कर किया। दसवीं व बारहवीं परीक्षा में उत्कृष्ट परिणाम लाने वाले समाज के प्रतिभावान छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया। सैनिक भर्ती के लिए निशुल्क प्रशिक्षण देने के लिए भूपेंद्र सिंह व रक्तदान के लिए प्रेरित करने वाले बलराज सिंह, शिव कृपाल सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कपिल सिंह राजपूत ने किया। कार्यक्रम को दामोदर सिंह, रवि शुक्ला, सागर सिंह, अशोक सिंह, अतुल सिंह, जयजय राम सिंह, गायत्री सिंह आदि ने भी संबोधित किया।

### दशगात्र में शामिल होने गया किसान, सूने मकान से दो लाख का माल पार

**बिलासपुर।** बिल्हा क्षेत्र के ग्राम दुर्गडीह में रहने वाला किसान रिश्तेदार के दशगात्र में शामिल होने गया था। इस दौरान चोरों ने सूने मकान में धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवर समेत करीब दो लाख का माल पार कर दिया। पीड़ित ने घटना की शिकायत बिल्हा थाने में की है। इस पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले को जांच में लिया है।बिल्हा क्षेत्र के ग्राम दुर्गडीह में रहने वाले राजकुमार बंजारे किसान हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके फूफा जी का निधन हो गया है। वे अपनी पत्नी धनेश्वरी और दो बच्चों को लेकर फूफा के दशगात्र में शामिल होने के लिए 11 जून की सुबह नौ बजे जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कोसा गए थे। दोपहर करीब एक बजे उनकी सलहज फूलमनी ने फोन कर बताया कि मकान का ताला टूटा है। इस पर वे अपनी पत्नी और बच्चों को लेकर गांव आ गए। दरवाजा खोलकर वे अंदर गए तो कमरे में सामान बिखरा हुआ था। ताला तोड़कर घुसे चोरों ने कमरे में रखे आलमारी से सोने का नेकलेस, सोने का लाकेट, झूमका, चांदी की पायल, बिछिया और दस हजार रुपये पार कर दिए थे। उन्होंने आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी।

## महाराणा प्रताप जयंती पर हुए विविध कार्यक्रम, निकली शोभायात्रा





**तखतपुर।** बक्सर राजपूत क्षत्रिय समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किया गया और कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः बाइक रैली, दोपहर मंचीय कार्यक्रम और शाम को शोभायात्रा निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक धर्मजीत सिंह शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक धर्मजीत सिंह ने कहा कि महारणा प्रताप एक स्वाभिमानी व्यक्ति थे। उन्होंने कभी अपने स्वाभिमान से समझौता नहीं किया। केंद्रीय अध्यक्ष दारा सिंह ठाकुर ने कहा कि महाराणा प्रताप की स्वाभिमान हमें इस बात की सीख देती है कि जीवन में कितने भी मुसिबत या परेशानी आ जाए अपनी हौसला और हिम्मत नहीं हारनी चाहिए। टिकरीपारा शिव मंदिर के पास से शाम को बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा का नगरपालिका अध्यक्ष अमरिका कृष्ण साहू के नेतृत्व में महाराणा प्रताप चौक, महामाया चौक, पड़रिया रोड़ में वंदना बाला सिंह, मक्कड़ काम्प्लेक्स में नरेंद्र रात्रे, पुराना बस स्टैण्ड देवांगन समाज, ठाकुर किराना सहित विभिन्न जगह पर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन रोहन सिंह ठाकुर, आभार उपाध्यक्ष वंदना बाला सिंह ने किया। इस अवसर पर दारा सिंह, नारायण सिंह गोरे ठाकुर, लखन सिंह ठाकुर, सुभाष सिंह, नरेश सिंह, अशोक सिंह, मनोज सिंह, दिलीप सिंह, बिहारी प्रताप सिंह, रामशरण सिंह, कृष्ण कुमार साहू, वदंना सिंह, रोहन सिंह, अशोक सिंह ठाकुर, संतू सिंह, आयोध्या सिंह, कोमल सिंह, कुलवंत सिंह, बाला सिंह, अमित मंदानी, प्रमोद ठाकुर, दिनेश राजपूत, ईश्वर राजपूत, हरीश राजपूत, केशर सिंह, रवि सिंह, आयुष सिंह, करन सिंह, शकुंतला सिंह, मंदाकनी सिंह, नीरा बाई, विश्वना यादव, अजय यादव, मनी सिंह, भोला सिंह, मनोज सिंह, विक्रम सिंह, किशन सिंह, आकाश सिंह, कोमल पण्डा, प्रहलाद सिंह, आयुष सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।

### प्रतिभावान बच्चों को टीआई ने किया सम्मानित

**सीपत।** जिले में चेतना पथ कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसमें नशामुक्ति, साइबर ठगी से बचने, यातायात नियम सहित विभिन्न विषयों के बारे में लोगों को लगातार जागरूक किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम कर्मा में भी जनचेतना पथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सीपत थाना प्रभारी कृष्ण चंद्र सिदार ने लोगों को यातायात नियम के बारे में जागरूक करते हुए कहा कि नाबालिग को बिल्कुल बाइक न दें। जरूरी है कि सबसे पहले उसका लाइसेंस बनवाएं, हेलमेट जरूर लगाएं। तीन दिन पूर्व मटेरियल गेट के पास हुए एक्सीडेंट का उदाहरण देते हुए कहा कि यदि मृतक हेलमेट पहना होता तो सिर पुल में टकराने के बाद भी बच सकता था। उन्होंने नशा को लेकर कहा कि नशा एक अभिशाप है। ऐसे लोगों का समाज व परिवार में कोई प्रतिष्ठा नही रह जाता। इससे बचें और अपनों को भी बचाएं। खासकर छोटे छोटे बच्चों, युवा वर्ग में नशे की लत पकड़ने लगी है। इससे दूर रहे। इस अवसर पर टीआई के साथ पत्रकार हिमांशु गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, ओम गोस्वामी, आरक्षक दिनेश कर्ष, सरपंच राजकुमार कश्यप, अजय कश्यप के अलावा कोटवार महिला स्व सहायता समूह के सदस्य ग्राम के पंच सहित अन्य उपस्थित थे।



## बाल श्रमिकों को शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ें



**मुंगेली।** मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार जिले को बाल श्रमिक से मुक्त बनाए जाने के लिए कलेक्टर राहुल देव, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गिरिजाशंकर जायसवाल की अध्यक्षता में जिला बाल संरक्षण इकाई की समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

कलेक्टर ने कहा कि 14 वर्ष से कम आयु के बालकों से कार्य लिया जाना बाल श्रम माना गया है। बाल प्रतिषेध एवं विनियमन अधिनियम 1986 के तहत बाल श्रमिकों को मुक्त कराकर पुनर्वासित करना है। उन्होंने बाल श्रम कराए जाने वाले संस्थानो, होटलों, ढाबों को चिन्हांकित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थानों पर नियमानुसार कार्रवाई करते हुए बालकों को मुक्त कराकर उन्हें शिक्षा की मुख्यधारा में जोड़ें। साथ ही शासन द्वारा दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं से उन्हें लाभान्वित किया जाए।

### कानूनन अपराध

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाल श्रमिक कानूनन अपराध है। शिक्षा से वंचित जो बालक श्रमिक का कार्य करते है, उसकी तत्काल सूचना दें और ऐसे बालकों को अध्ययन के लिए स्कूल में भेजें। बालकों को श्रमिक के रूप में काम लेने वाले उनके अधिकारों का हनन करते है। ऐसे लोगों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 1098 पर दे जानकारी

कलेक्टर ने कहा कि सरकार द्वारा नाबालिग जरूरतमंद बच्चों की मदद के लिए चाइल्ड लाइन हेल्पलाइन नंबर 1098 शुरू किया गया है। इस नंबर पर कोई भी बच्चा आपातकाल के समय फोन करके मदद ले सकता है। साथ ही कोई भी व्यक्ति 1098 पर कॉल कर बाल श्रम के संबंध में जानकारी दे सकते है।

# सड़क के गड्ढे ने बढ़ाई लोगों की मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव

नगर पंचायत बरेला में एनएच विभाग की उदासीनता के कारण मुख्य मार्ग पर मनियारी पुल के पास सड़क गड्ढे में तब्दील हो गई है। यहां रोजाना गिरकर राहगीर घायल हो रहे हैं। नतीजन नगर पंचायत बरेला की व्यवस्था बिगड़ रहीं है।

- **शीघ्र सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण करेंगे आंदोलन**

वहीं सेमरचुवा मोड़ समीप सड़क किनारे पानी भरा रहता है। जिनके कारण लोगों को आवाजाही में काफी परेशानी हो रही है। इस पर विभाग द्वारा किसी तरह को कोई खबर नहीं ली जा रही है। जिनके कारण सड़क जगह जगह उखड़कर जान लेवा गड्ढे में तब्दील हो गई है। रहवासियों ने बताया की आए दिन लोग गिरकर घायल हो रहे है। कई बार स्वसहायता से गड्ढे भरा गया। पर रॉ मेटीरियल नहीं होने से एक दिन में सड़क उखड़ जाती है। सुधार नहीं होने के दशा में रहवासी आंदोलन करने का मन बना रहे है।





### मरम्मत कराई गई

विगत वर्ष की बाढ़ में मनियारी पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसे लाखों की लागत से मरम्मत कराई गई पर कुछ दिन में सड़क पुनः गड्ढे में तब्दील हो गई। जरा से बरसात होने पर पुल पर पानी घुटने तक भर जाता है। जिनके कारण मुंगेली से बिलासपुर पहुंच मुख्य मार्ग बरेला के मनियारी पुल पानी गिरते ही तालाब में तब्दील हो जाता है।

### जानकारी भेजी गई

सड़क एनएच विभाग द्वारा बनाया गया है। मरम्मत कार्य उनके द्वारा किया जाएगा। जानकारी विभाग को भेजी जाएगी। सेमरचुवा मोड़ के पास सड़क पर पानी भरे होने की जानकारी मिली है। उसे देखकर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**-चंद्रभूषण बांधे,** सीएमओ नगर पंचायत बरेला

## शिक्षकों को दिया जा रहा एफएलएन प्रशिक्षण

**जरहागांव।** चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण के दूसरे दिन बीआरसी मुंगेली में एक, दो जोन और शासकीय हाई स्कूल बरेला में जोन क्रमांक 3 में प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है।

मुंगेली जिला शिक्षा अधिकारी सीके घृतलहरे के द्वारा एफएलएन, नवा जतन, पुस्तक कालय, बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्या ज्ञान शाला प्रवेशोत्सव की तैयारी, साफ सफाई आदि पर मार्गदर्शन किया गया। अशोक कुमार कश्यप एपीसी ने एफएलएन की आवश्यकता, महत्व, बच्चों के साथ सकारात्मक सोच पर जोर दिया। एसएस उपाध्याय ने एफएलएन प्रशिक्षण, बुनियादी साक्षरता, संख्या ज्ञान, नवां जतन, निपुण भारत, नई शिक्षा नीति 2020 पर चर्चा करते हुए शिक्षकों को विद्यालय में बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। मास्टर ट्रेनर्स गौकरण डिंडोले, जिला राम यादव, गनेश राम गुप्ता के द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। आज भाषा शिक्षण के 4 प्रमुख खंड से करते हुए उभरते लेखन कौशल, उच्च स्तरीय लेखन, गणितीय कौशल, आंकलन, दैनिक,सावधिक, एवं वार्षिक आंकलन, शिक्षक संदर्शिका, अभ्यास पुस्तिका, पाठ्य-पुस्तक को जोड़ते हुए, ट्रैकर भरना, मेरा सफर, मौखिक गणित पाठ्य योजना में प्रशिक्षण दिया गया।






**न्यायालयः- श्रीमान बलराम कुमार देवांगन प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

सुरेन्द्र कुर्रे एवं अन्य..........वादीगण
विरूद्ध
सुरेश कुमार कुर्रे एवं अन्य......प्रतिवादीगण
व्य.वा.क्रं. 35 ए / 2023
पेशी दिनांक 23/07/2024
प्रोसेस क्र.- 174 / 2024

**समंस / नोटिस**

1. सुरेश कुमार कुर्रे पिता स्व. जीवनलाल उम्र 51 वर्ष 2. रमाकांत कुर्रे पिता स्व. जीवनलाल उम्र 41 वर्ष 3. महेश्वरी पिता अशोक उम्र 19 वर्ष 4. जगदीप नाबालिक पिता अशोक वली महेश्वरी पिता अशोक 5. कु.सुरंजना नाबालिक पिता अशोक वली महेश्वरी पिता अशोक उम्र 51 वर्ष 6. कु. चंद्रप्रभा नाबालिक पिता अशोक वली महेश्वरी पिता अशोक उम्र 51 वर्ष, सभी निवासी ग्राम बरछा तहसील पथरिया जिला मुंगेली छ.ग.।

इस न्यायालय में वादीगण द्वारा आप प्रतिवादीगण के विरूद्ध व्यवहारवाद प्रस्तुत किया गया है। जिसमें पेशी दिनांक 23.07.2024 को नियत है।

अतः आप प्रतिवादी क्र0 01 से 06 स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर मय दस्तावेज अपनी प्रतिरक्षा के संबंध में दस्तावेज एवं जवाब प्रस्तुत करें अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी ।

उक्त पेशी दिनांक को अवकाश होने पर आगामी कार्य दिवस को उक्त प्रकरण की कार्यवाही की जावेगी।

आज दिनांक 14.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया है।

दिनांकः- 14.05.2024

**(बलराम कुमार देवांगन )**
**प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी मुंगेली छ.ग.**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल डिंडोरी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**सूचना पत्र**

प्रति, 1. श्री निरंजन पिता छत्रधारी 2. श्री बुधवार सिंह 3. श्री नरबद सिंह 4. गजेन्द्र ध्रुव 5. उमेश सिंह

विषयः सीमांकन/स्थल जांच / नक्शा बटांकन में उपस्थित होने बाबत्।

संदर्भः न्यायालय नायब तह. लोरमी के आदेश क्रमांक/ / वाचक/तह./ 2024/ लोरमी दिनांक 18.04.2024

उपरोक्त विषयांतर्गत आपको सूचित किया जाता है कि संदर्भित आदेशानुसार आवेदक श्री/ श्रीमती निरंजन पिता/ पति छत्रधारी जाति ठाकुर निवासी पटना की ग्राम नवागांव देयाली प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. डिण्डौरी तहसील लोरमी जिला मुंगेली (छ.ग.) के स्थित भूमि खसरा नं. 63/8 शामिल 63/3 रकबा 1.777 हे. का सीमांकन/ स्थल जांच/ नक्शा बटांकन दिनांक 28.06.2024 को 12 से 5 बजे किया जावेगा। अतः आप आवश्यक दस्तावेज के साथ स्थल पर उपस्थित रहे।

प्रतिलिपिः- 1. श्री मनहरण यादव प.ह.नं. 07 को सूचनार्थ। संबंधित नक्शा, खसरा, बी1 एवं आवश्यक दस्तावेज सहित स्थल पर उपस्थित रहे एवं आसपास के कृषक एवं हितबद्ध व्यक्तियों को कोटवार के द्वारा सीमांकन पूर्व सूचित करें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. डिंडौरी**
**तह. लोरमी, जिला मुंगेली (छ.ग.)**

**न्यायालय तहसीलदार रतनपुर तहसील रतनपुर जिला -बिलासपुर (छ.ग.)**

**उपस्थिति हेतु सूचना**

1. श्रीमति गौरी कश्यप पति हेमंत कश्यप वगै. निवासी रतनपुर तहसील रतनपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.)...आवेदिका

विरूद्ध

1. श्री रूपेश पिता स्व. अशोक कश्यप निवासी परसदा आवास बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर.....अनावेदक

इस न्यायालय के रा.प्र.क्र. 202305072300065 / अ-27 / 2023-24 ग्राम रतनपुर पक्षकार गौरी कश्यप पति हेमंत कश्यप वगै. निवासी रतनपुर जिला बिलासपुर के द्वारा आवेदक एंव अनावेदक के ग्राम रतनपुर प.ह.न. 12 स्थित स्वामित्व की भूमि ख.न. 3700/3/ग, 4228/1, 4229, 4230, 4232, 4599/1, 4711/1 कुल रकबा 1.092 हे. भूमि है। उक्त भूमि को 1/3 हिस्सा में खाता विभाजन कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त प्रकरण में अपना पक्ष रखने के लिए 24.06.2024 को न्यायालीन समय पर उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करे। अनुपस्थित रहने पर एकपक्षीय की जावेगी।

आज दिनांक 29.05.2024 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**रतनपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, SALIL KUMAR MITRA S/O LATE. C. C. MITRA resident of D.A.- 14,CHANDELA VIHAR, PRIYADARSHINI NAGAR, BILASPUR, (C.G.) 495001 have changed my old name SALIL KUMAR /SALIL MITRA S/O LATE. C C. MITRA, so in future I should be recognized by my new name that is SALIL KUMAR MITRA S/O LATE. C. C. MITRA in all Government and other documents.

Oath taker

**SALIL KUMAR MITRA**
**Address: D.A. - 14, CHANDELA VIHAR, PRIYADARSHINI NAGAR, BILASPUR, (C.G.)495001**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील सकरी, जिला बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला बिलासपुर तहसील-सकरी प.ह.न. - 00045 सकरी मन 1 ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक MD202324401115700025

**ईश्तहार**

तहसील सकरी के प.ह.न. 00045 के अंतर्गत ग्राम सकरी मन 1 के वर्तमान भूमिस्वामी श्रीमती सावीत्री तमेरा पति डी. तमेरा पिता/पति-पता-सा. बिलासपुर भूमि स्वामी के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 791/4 (0.0180) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता दीपक ताम्रकार पिता/पति दीनदयाल पता-बिलासपुर, आशीष ताम्रकार पिता/पति दीनदयाल पता- बिलासपुर के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 18/06/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय तहसीलदार तहसील सकरी, जिला बिलासपुर पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं / अधिवक्ता/ आममुख्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 08/06/2024 को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार : Ashwani Kanvar**
**तहसील सकरी**

**कार्यालय पटवारी हल्का नं. 22 रा.नि.मं. कोनी तह. व जिला बिलासपुर**

दिनांक 11/06/2024

समस्त आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री नीरज नरेन्द्र अग्रवाल पिता स्व. नन्द कुमार जाति अग्रवाल निवासी छोटी कोनी, की स्थित भूमि ग्राम अमतरा प.ह.नं. 22 रा.नि.मं. कोनी तहसील जिला बिलासपुर के ख.नं. 196 रकबा 0.081 हे. का तहसील बिलासपुर के न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदित भूमि का सीमांकन दिनांक 13/06/2024 को 4.00 बजे से 05 बजे के अंदर किया जायेगा। आप अपना दस्तावेज सहित नियत तिथि एवं समय में उपस्थित होवें।

**पटवारी**
**ए.के. सिंह**
**प.ह.नं. 22**

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर, दिनांक- 16/05/2024

प्रति, 1. आवेदक आशा सिंह पि. बेनी सिंह आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. रामायण शर्मा सा. गोड़पारा बिलासपुर 3. राजकमल (रामायण शर्मा) सा. गोडपारा बिलासपुर 4. अश्वनी ठाकुर भवानी जीन्स दुकान मीड टाउन होटल बिलासपुर 5. सत्येन्द्र जायसवाल पि.छेदी जायसवाल ग्राम परसदा कोरबा।

विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ ना.तह. /वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 23/04/2024

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 993/105 रकबा 0.0118 हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक आशा सिंह निवासी गांधीनगर रतनपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 24/6/24 को समय 12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/ सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर, दिनांक- 16/05/2024

प्रति, 1. आवेदक अनिता बैस पि. बेनी सिंह आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी 2. रामायण शर्मा सा. गोड़पारा बिलासपुर 3. राजकमल शर्मा (रामायण शर्मा) सा. गोडपारा बिलासपुर 4. अश्वनी ठाकुर भवानी जीन्स दुकान मीड टाउन होटल बिलासपुर 5. सत्येन्द्र जायसवाल पि.छेदी जायसवाल ग्राम परसदा कोरबा।

विषयः- सीमांकन में उपस्थिति बाबत एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार

संदर्भः- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपुर के ज्ञापन क्रमांक Q/ तह./ ना.तह. /वा./2024 बिलासपुर, दिनांक 23/04/2024

ग्राम मोपका प.ह.न. 29 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 993/106 रकबा 0.0128 हे. हेक्टेयर के सीमांकन हेतु आवेदक अनिता बैस निवासी रतनपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार/ ना. तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 24/6/24 को समय 12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

राजस्व निरीक्षक, मोपका

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल मोपका तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/Q/सीमांकन/रा.नि./2024
बिलासपुर दिनांक 15/05/2024

प्रति, 1. आवेदक-अध्यक्ष राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित चांटीडीह बिलासपुर मो. नं. 9301291872

आवेदक के बताए अनुसार समीपस्थ भूमि स्वामी

2. अनिल राठौर सा. लिंगियाडीह भू.पू. सरपंच 3. मनोज शुक्ला राजस्व कालोनी लिंगियाडीह 4. मगन लाल पाटनवार लिंगियाडीह 5. अनिन दया चटर्जी लिंगियाडीह, 6. निरज उपाध्याय लिंगियाडीह 7. जोन कमिश्नर लिंगियाडीह राजकिशोर नगर 8. पार्षद लिंगियाडीह 9. प्र.अ. महिला एवं बाल विकास अधिकारी लिंगियाडीह बिलासपुर एवं अन्य सभी हितबद्ध पक्षकार राजस्व कॉलोनी लिंगियाडीह

विषय-सीमांकन में उपस्थिति बाबत्।

संदर्भ- न्यायालय तहसीलदार/ना. तहसीलदार बिलासपर के ज्ञापन क्रमांक Q /तह./ना.तह/वा./2022 बिलासपुर दिनांक 25.04.2023

ग्राम लिंगियाडीह प.ह.नं. 31 रा.नि.मं. मोपका तहसील व जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 54/452 रकबा 1.60 एकड़ के सीमांकन हेतु आवेदक अध्यक्ष राजस्व कर्मचारी गृह निर्माण सहकारी समिति मर्यादित चांटीडीह बिलासपुर के द्वारा छ.ग.भू राजस्व संहिता, 1959 की धारा 129 के प्रावधानों के तहत न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर को आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में उपरोक्त भूमि का सीमांकन दिनांक 18.06.2024 दिन मंगलवार को समय- 12:00 बजे से किया जाना है। आप उक्त नियत तिथि में अपनी भूमि संबंधित दस्तावेज़ के साथ मौके पर उपस्थित होवें एवं उक्त समय पश्चात की आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीप-सीमांकन स्थल- ड्रीम पैलेस के सामने वाली गली बंधक बैंक लिंगियाडीह बिलासपुर के पास

**राजस्व निरीक्षक**
**मोपका**



## 17 फीट ऊंचा है रथ

बिलासपुर में निकलने वाली रथ को पुरी उड़ीसा के कारीगर ने तैयार किया है। सरई की लकड़ी से तैयार इस रथ की लंबाई 16 फीट, ऊंचाई 17 फीट और चौड़ाई 12 फीट है। इसी भव्य रथ से महाप्रभु जगन्नाथ भक्तों को दर्शन देने हर साल निकलते हैं।

## जगन्नाथ पूजा समिति के सदस्य बैठक लेकर बना रहे कार्ययोजना

रेल्वे स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा की तैयारी शुरू हो गई है। जगन्नाथ पूजा समिति द्वारा रथयात्रा महोत्सव को भव्य बनाने निरंतर बैठक की जा रही है। इसमें आयोजन को लेकर चर्चा कर कार्ययोजना बनाई जा रही है। आगामी बैठक अगले दो-चार दिन में होने वाली है। जेष्ठ पूर्णिमा पर 22 जून को महाप्रभु का 108 कलश जल, गंगाजल व पंचामृत से स्नान कराया जाएगा।

# रथयात्रा : जेष्ठ पूर्णिमा को महाप्रभु का 108 कलश जल से होगा स्नान

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

हर साल की तरह इस साल भी शहर के उत्कल समाज द्वारा रथयात्रा उत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। रथ को आकर्षक रूप देने का काम शीघ्र शुरू होने वाला है। रथ की लकड़ियों की पूजा की जा चुकी है। उड़िया समाज के अध्यक्ष केके बेहरा ने बताया कि जेष्ठ पूर्णिमा पर 22 जून को महाप्रभु जगन्नाथ को 108 कलश जल, गंगाजल व पंचामृत से स्नान कराया जाएगा। स्नान के बाद महाप्रभु बीमार हो जाएंगे। मंदिर का पट 15 दिन के लिए बंद कर दिए जाएंगे। मंदिर के पट बंद होने के बाद महाप्रभु को मंदिर के पुजारी गोविंद पाणीग्रही द्वारा जड़ी-बूटी का काढ़ा दिया जाएगा। उनके ठीक होने पर 6 जुलाई को मंदिर का पट खुलेगा। इस दिन श्रद्धालु भक्तों को महाप्रभु के दर्शन का इंतजार रहेगा। उनका पहला दर्शन पाने सुबह 9 बजे से मंदिर में श्रद्धालुओं की भीड़ लगनी शुरू हो जाएगी। इस दिन सुबह साढ़े 9 से साढ़े 10 बजे तक महाप्रभु की विशेष पूजा होगी। भगवान भक्तों को दर्शन देंगे। इसके बाद 7 जुलाई को बाजे-गाजे के साथ भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। इस बार गुण्डिचा यात्रा में छेरापहरा की रस्म उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। ज्ञात हो कि रेल्वे क्षेत्र में भगवान जगन्नाथ मंदिर की स्थापना 26 नवंबर वर्ष 96 को हुई थी। स्थापना के बाद एक बार मंदिर में स्थापित प्रतिमाएं बदली जा चुकी है। आयोजन का यह 28 वां साल होगा।



### मौसी मां के घर 9 दिन रहेंगे महाप्रभु

गुण्डिचा यात्रा के दिन छेरापहरा के बाद रथ को खींचने श्रद्धालुओं के बीच होड़ लग जाएगी। फिर भगवान अपने भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ रथ पर सवार होकर भक्तों को दर्शन देते हुए अपने मौसी मां के घर चले जाएंगे। यहां वे पूरे 9 दिन रहेंगे। इस बीच उनके सम्मान में हर दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सुबह उन्हें विविध तरह के भोग अर्पित किए जाएंगे। महाप्रभु के रहते तक मौसी मां के घर खुशी का माहौल रहेगा। 15 जुलाई को बहुड़ा यात्रा निकाली जाएगी। इस दिन भगवान पुनः श्रीमंदिर पहुंच जाएंगे।

**अब दो जगन्नाथ मंदिर:** अब तक शहर के रेल्वे परिक्षेत्र स्थित जगन्नाथ मंदिर से रथयात्रा निकाली जाती थी पर अब एनटीपीसी सीपत में भी श्री जगन्नाथ मंदिर बनवा लिया गया है। इस साल इस मंदिर से भी रथयात्रा निकाली जा सकती है। यह पूरे उड़िया समाज के लिए खुशी की बात होगी।

### समाज के लोग हैं उत्साहित

रथयात्रा उत्सव को लेकर उड़िया समाज के लोग उत्साहित हैं। उत्सव को सफल बनाने जगन्नाथ पूजा समिति के अध्यक्ष एमके सुबुद्धि, सचिव डी नायक, कोषाध्यक्ष आरके पात्रा, एसके षड़ंगी, बीके पंडा, डीपी नायक, सीमांचल, राजेंद्र, बसंत कुमार बेहरा, चिंटू दास सहित अन्य सदस्य जुटे हैं।

### लगाए जाएंगे महाप्रभु की पसंद के कपड़े

श्री जगन्नाथ पूजा समिति के सलाहकार श्री बेहरा ने बताया कि भगवान जगन्नाथ को पीला रंग, बलभद्र को हरा और सुभद्रा को लाल रंग पसंद है, इसलिए रथयात्रा के समय इन्हीं रंगों के कपड़े रथ में लगाए जाएंगे। कारीगरों द्वारा रथ की पेटिंग, रंग-रोगन कर झण्डे भी बदले जाएंगे। फूलों से सजाए जाएंगे। इस तरह रथ को एकदम नए रूप में तैयार कर रथयात्रा निकाली जाएगी।

---

**एजुकेशन अपडेट**

## पीएससी नहीं बदलेगा तारीख पूर्व तिथियों में ही मेंस के पर्चे

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा अधिसूचना जारी कर यह स्पष्ट किया गया है कि उनके द्वारा मुख्य परीक्षाओं की तारीखों में कोई बदलाव नहीं किया जाएगा। पूर्व निर्धारित तिथियों में ही उनके द्वारा मुख्य सेवा परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। दरअसल कुछ अभ्यर्थियों द्वारा पीएससी को खत लिखकर मांग की गई थी कि वन सेवा भर्ती परीक्षा और मध्यप्रदेश प्रशासनिक सेवा भर्ती परीक्षा भी एक ही दिन है। अभ्यर्थियों की इस मांग पर पीएससी ने कहा है कि उनके द्वारा मध्यप्रदेश पीएससी की तारीखों को देखते हुए अपनी तारीखों की घोषणा की गई थी। मप्र पीएससी की तारीखों में बाद में बदलाव किए जाने के कारण यह टकराव हो रहा है। चूंकि सीजी पीएससी द्वारा पहले ही पूरी तैयारियां की जा चुकी हैं और जिला स्तर पर सभी दिशा-निर्देश संबंधित खत प्रेषित किए जा चुके हैं, इसलिए तारीखों में परिवर्तन संभव नहीं है। सीजी पीएससी की मुख्य परीक्षाएं 24 से 27 जून तक आयोजित की जाएंगी।





### छात्रावास अधीक्षक के लिए दस्तावेज सत्यापन कल

राज्य की शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में छात्रावास अधीक्षक एवं छात्रावास अधीक्षिका के पदों पर अभ्यर्थियों का छठवें चरण का दस्तावेज सत्यापन 13 जून को प्रातः 9:30 बजे से शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, विधान सभा रोड में किया जाएगा। दस्तावेज सत्यापन के लिए संबंधित अभ्यर्थियों को एसएमएस और व्हाट्सऐप पर भी सूचना भेजी जा रही है। कट ऑफ मार्क्स संचालनालय की वेबसाइट पर देखा जा सकता है। उक्त चरण में रिक्त पदों के विरूद्ध 3 गुना अभ्यर्थियों को दस्तावेज सत्यापन के लिए बुलाया गया है। अभ्यर्थी अद्यतन जानकारी के लिए संचालनालय की वेबसाइट **https://cgiti.cgstate.gov.in** पर जा सकते हैं।

---

**प्रशिक्षण शिविर**

## 40 युवतियों, महिलाओं ने लिया मेहंदी प्रशिक्षण



**बिलासपुर।** अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य समाज महासभा ट्रस्ट द्वारा श्री प्लाजा अशोकनगर में 10 दिवसीय निःशुल्क मेहंदी प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। इसमें समाज के 40 महिलाओं और युवतियों ने प्रशिक्षण लेकर अपनी प्रतिभा को तराशा।

**अहमदाबाद से प्रशिक्षण प्राप्त लाभांश सराफ ने दिया प्रशिक्षण**

अखिल भारतीय कसौंधन वैश्य महासभा ट्रस्ट पंजीकृत के राष्ट्रीय उपाध्याय एवं बिलासपुर जिलाध्यक्ष रमेश गुप्ता ने कहा कि किसी भी प्रशिक्षण में भाग लेना और उसमें प्रथम, द्वितीय, तृतीय आना उतना ज्यादा महत्त्वपूर्ण नहीं है। जितना इस तरह के कार्यक्रम में भाग लेकर प्रतिभा को निखारना है। इसके पूर्व स्वास्थ्य शिविर, नेत्र शिविर, संगीत प्रशिक्षण शिविर, शतरंज प्रशिक्षण शिविर, कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर, चित्रकला प्रशिक्षण शिविर, हेलमेट वितरण, बी.डी.एस. कैम्प, प्रेरणा शिविर, वाणिज्य प्रशिक्षण शिविर लगाया जा चुका है। समाज के प्रतिभावान बच्चों ने शिक्षा के क्षेत्र में विशेष प्रतिभा हासिल की है। उनको भी अखिल भारतीय समाज ने पुरस्कृत किया है। उन्होंने कहा कि संगठित रहकर ही समाज को सशक्त व सुदृढ बनाया जा सकता है। उन्होंने बच्चों को समाज की मुख्यधारा से जुड़ने का आह्वान किया। गुप्ता समाज की ओर से लाभांश शराफ को धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

---

## समणी साध्वी द्वारा भक्तामर स्तोत्र का अनुष्ठान संपन्न





**बिलासपुर।** समणी साध्वी द्वारा भक्तामर स्तोत्र का अनुष्ठान किया गया। यह अनुष्ठान समस्त मानव जीवन में बहुत ही प्रभावकारी रहता है। गुजराती जैन भवन टिकरापारा में बड़ी संख्या में श्रावक श्राविकाओं ने अनुष्ठान में शामिल होकर धर्म लाभ लिया। समणी विपुल प्रज्ञा एवं समणी आदर्श प्रज्ञा ने आत्मा को शुद्ध और शांत करने मेडिटेशन कराया। मेडिटेशन के बाद मंत्र उच्चारण के साथ भक्तामर स्तोत्र का पाठ किया गया। इस अनुष्ठान को करने वाला प्रत्येक व्यक्ति रोग मुक्त हो जाता है। जैन समाज में पहली बार इस अनुष्ठान का आयोजन किया गया। गुजराती जैन समाज के अध्यक्ष भगवान दास सुतारिया ने समणी से आग्रह किया है कि वह जब भी आगामी वर्षों में बिलासपुर से प्रस्थान करेंगे तो हमें धर्म लाभ देने अवश्य हमारे जैन समाज के भवन में पधारें। मंगलवार को हुए कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष भगवान दास सुतारिया, विमल चोपड़ा, सुरेंद्र मालू, इंदर चंद बैधमुथा, कीर्ति गांधी नरेंद्र तेजानी, प्रवीण दामानी, संजय छाजेड़, गोपाल वेलानी, मनीष शाह, राजू तेजानी, प्रमीला चोपड़ा, पारुल सुतारिया, श्रीमती वोरा, उर्मिला तेजानी व बालक बालिकाएं शामिल हुए।

---

## अर्जुन देव के शहीदी परब पर गुरुद्वारा दयालबंद में सजा विशेष दीवान

**बिलासपुर।** सिख समाज के सिरमौर शहीदों के सरताज धन-धन श्री अर्जुन देव की पावन शहीदी पूरब पर गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा दयालबंद में श्रध्दा, उत्साह के साथ मनाया गया। श्री गुरु अर्जुन देव की शहीदी परब को मुख रखकर गुरुद्वारा में विशेष दीवान सजाया गया। सुबह के विशेष दीवान में 10 से साढ़े 10 बजे तक साध संगत ने कीर्तन किया। साढ़े 10 से साढ़े 11 बजे तक भाई प्रताप सिंह हुजूरी रागी जत्था दयालबंद बिलासपुर ने कीर्तन कर साध संगत को निहाल किया। साढ़े 11 से 12 बजे तक गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा दयालबंद के हेड ग्रंथी ज्ञानी मान सिंह बडला ने कथा एवं शब्द विचार रखे। 12 से डेढ़ बजे तक अमृतसर साहिब से इस शहीदी परब के लिए विशेष रूप से आए भाई कुलजीत सिंह नरेबी ने कीर्तन एवं शब्द विचार से समूह संगत को निहाल किया। अंत में समूह साध संगत में गुरु का अटूट लंगर बरताया गया। इसमें सैकड़ों लोगों ने गुरु का प्रसाद लिया।



गुरू के अटूट लंगर में सैकड़ों लोगों ने प्रसाद लिया

### की गई छबिल सेवा

पंजाबी सेवा समिति द्वारा गांधी चौक, पंजाबी युवा समिति द्वारा करतार फ्यूल्स पेट्रोल पंप लिंगियाडीह एवं समाज के अन्य संस्थाओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर छबिल की सेवा की गई।

### इनका रहा सहयोग

कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी दयालबंद, पंजाबी युवा समिति, पंजाबी सेवा समिति, खालसा सेवा समिति, स्त्री सत्संग, श्री सुखमनी सर्कल, आदर्श पंजाबी महिला संस्था, अकाल पूरख की फौज, पंथ प्रचार समिति का सहयोग रहा।

---

**अभियान**

## स्काउट्स-गाइड्स ने की बनारस गंगा घाट की सफाई



**बिलासपुर।** भारत स्काउट्स-गाइड्स छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से आए 40 स्काउटर, गाइडर द्वारा बनारस के मां गंगा नदी में दशश्वमेघ घाट, शीतला माता घाट, राजेंद्र प्रसाद घाट में सेवा कार्य किया गया। जहां बोतल, पन्नी, कचरे को नदी से निकाल कर घाटों की सफाई की गई।

**वाराणसी में आयोजित ट्रेनर मीट में जुटे छत्तीसगढ़ के स्काउट-गाइड्स**

इस अवसर पर स्वच्छता अभियान का नारा देकर लोगो को मां गंगा को पवित्र रखने हेतु प्रोत्साहित किया गया। भारत स्काउट्स-गाइड्स राज्य मुख्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा वाराणसी में पांच दिवसीय ट्रेनर मीट आयोजित की गई। इस दौरान राज्य मुख्य आयुक्त डॉ सोमनाथ यादव के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के 40 स्काउट्स-गाइड्स द्वारा गंगा घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया। साथ ही भारत के विभिन्न क्षेत्रों व प्रदेश से आए श्रद्धालुओं को स्वच्छता अभियान के माध्यम से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई। इस अवसर पर राज्य सचिव कैलाश सोनी, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त द्वय पीएस परिहार, सरिता पांडेय, राज्य संगठन आयुक्त द्वय सीएल चंद्राकर, करुणा मसीह सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

---

**रासेयो द्वारा अंतरराष्ट्रीय पारंपरिक खेल दिवस मनाया गया**

## चिड़िया उड़,गोटा,नदी पहाड़, कुढील, बाघ बकरी खेलकर मनाया गया खेल दिवस

**स्पोर्ट्स न्यूज**





**बिलासपुर।** राष्ट्रीय सेवा योजना पीएनएस महाविद्यालय द्वारा ग्राम परसदा में अंतर्राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया गया। प्राचार्य डॉ एस के शर्मा के निर्देशन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने कहा कि आज के आधुनिक युग में बच्चे कंप्यूटर और मोबाइल पर खेलते हैं और परम्परागत खेलों को भुला दिया गया है। इसी खेल को वापस बच्चों तक लाने के लिए यह आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा किया गया। इन पारंपरिक खेलों में चिड़िया उड़ ,गोटा, नदी पहाड़, कुढील, बाघ बकरी ,पंजा लड़ाई, रेस टिप ,भोटकुल, तिरी पासा, पिंकी पिंकी, व्हाट कलर रस्सी आदि खेल खेले गए। उन्होंने कहा कि खेल को जब बच्चे खेलते हैं, तो वे आत्मनिर्भर महसूस करते हैं और अपनी दुनिया को बेहतर समझते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ मनोज सिन्हा, कार्यक्रम समन्वयक एबीवीवी, सरपंच संतराम लहरे,जिला संगठक कांति आंचल सहित बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद थे। डॉ सिन्हा ने कहा कि इन खेलों से शारीरिक स्वास्थ्य, सांस्कृतिक धरोहर और आपसी सहयोग को बढ़ावा मिलता है। माता-पिता बच्चों के साथ मिलकर इन खेलों का आनंद लें और उनकी परंपराओं को जीवित रखें। इन प्रतितयोगिता में सुमित, सुनिधि, हर्षिता, समीर, माही, देवेंद्र, कुणाल, नोवेन, माधुरी, निशांत, भुपेश, शिवकुमारी, बुलबुल, आकांक्षा विजेता रहे। विजेताओं को प्रथम, द्वितीय, तृतीय को ईनाम देकर पुरस्कृत किया गया ।

---

**नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप**

## खिलाड़ी दिखाएंगे हुनर









बिलासपुर। 19वीं नेशनल यूथ एथलेटिक्स चैंपियनशिप बिलासपुर में 15 से 17 जून तक आयोजित होगी। इसके लिए राज्य स्तरीय यूथ एथलेटिक्स चयन की प्रक्रिया का आयोजन स्वामी विवेकानंद एथलेटिक्स स्टेडियम कोटा में हुआ, जिसमें 100 मी., 200 मी., 400 मी., 1000 मी., बाधा दौड़, ऊंची कूद, लंबी कूद, शॉटपुट, भालाफेंक, तवा फेंक, 5000 मी. रिले में बालक-बालिका का चयन हुआ है। इसमें छत्तीसगढ़ के लगभग सभी जिलों से 200 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया। एएफआई के मापदंडों के आधार पर एथलेटिक्स संघ ने 30 खिलाड़ियों का चयन किया है। प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों को एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के उपाध्यक्ष डॉ. जीएस पटनायक, सीवी रमन यूनिवर्सिटी के कुलसचिव डॉ. गौरव शुक्ला, डॉ सुनील गौराहा, डॉ अजय यादव, डॉ बसंत आंचल, डॉ अजय सिंह, महासचिव अमरनाथ सिंह, सुरेश क्रिस्टोफर, पीजी कृष्णनन, सुशील मिश्रा, ए. एक्का, विजय केसरवानी, जगपाल सिंह धैलीवाल, पपिंदर सिंह, आरके पिल्लई, रणवीजय प्रताप सिंह, विवेक शुक्ला, मुकेश घोरे सहित अन्य ने शुभकामनाएं दी।

### इन खिलाड़ियों का चयन

चयनित खिलाड़ियों में अमित कुमार जिला बालोद से 5000मी. रेस वॉक, रवि साव जिला दुर्ग से 5000मी. रेस वॉक, श्याम दुबे जिला बिलासपुर से 5000 मी. रेस वॉक, निखिल कुमार साहू बिलासपुर से 100 मी. एवं 200 मी. में, पारस तारक जिला गाजियाबाद से 100 मी. में, राहुल यादव जिला सुकमा से 100 मी. में, आदित्य वर्मा जिला बिलासपुर से 1000 मी, हर्ष निषाद जिला बिलासपुर 1000 मी मे, हनेश कुमार साहू जिला धमतरी से 1000 मी में, नोमेश चंद्राकर जिला महासमुंद से 400 मी. में, विजय यादव जिला सरगुजा से जैवलिन थ्रो में, रवनीत शाही जिला रायपुर से जैवलिन थ्रो में, भोलु विश्वकर्मा जिला बिलासपुर से जैवलिन थ्रो में सहित अन्य खिलाड़ियों का चयन हुआ है।

## खबर संक्षेप

### रात 2 बजे ढाबा में युवक को पीटा

**बिलासपुर।** बीती रात 2 बजे चकरभाठा क्षेत्र के एक ढाबा में खाना खाने गए युवक के साथ अन्य युवकों ने मारपीट की। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। चकरभाठा पुलिस के अनुसार, 9 जून को गोंड़पारा सुभाष नगर निवासी अमर सोनी पिता रामकिशन सोनी 29 साल जॉब से छुट्टी होने के बाद रात 2 बजे चकरभाठा स्थित काली ढाबा में खाना खाने गए थे। खाना खाने के बाद वे किचन के पास खड़े हुए थे। ढाबा में पहले से बैठे पंकज पाण्डेय , नवीन महराज, भास्कर वर्मा व उनके अन्य साथी उनके साथ गाली गलौज करने लगे। उन्होंने गाली देने से मना किया तो युवकों ने उनके साथ मारपीट की। मारपीट करने के बाद हमलावर युवक भाग निकले। मारपीट करने से अमर सोनी के सिर, पीठ, चेहरे में चोट आई है। घायल अवस्था में अमर सोनी ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावरों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### हथियार लहराने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

**बिलासपुर।** धारदार हथियार लहराकर अशांति फैलाने वाले 3 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सरकण्डा पुलिस को पेट्रोलिंग के दौरान सूचना मिली कि राजकिशोर नगर, अम्बा पार्क, चिंगराजपारा में बदमाश युवक चाकू, गुप्ती रखकर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहे हैं। पुलिस ने तीनों जगहों में दबिश देकर पूरन नेताम उर्फ बड़ा क्राइम पिता नंदू नेताम 20 साल लिंगियाडीह, विकास पाण्डेय पिता विनय पाण्डेय 27 साल गणेश चौक चिंगराजपारा, सुमित उर्फ सेट्टी पाण्डेय पिता भोला प्रसाद 20 साल चिंगराजपारा निवासी को धारदार हथियार के साथ पकड़कर 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

### ग्रामीण पर कैंची से हमला, गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एक ग्रामीण पर कैंची से जान लेवा हमला कर दिया गया है। पुलिस ने हमलावर को गिरफ्तार कर लिया है। सीपत पुलिस के अनुसार, 9 जून को ग्राम धनिया संतराम केंवट का आम की लकड़ी के 120 रुपए को लेकर इंद्रपाल भारद्वाज पिता स्व. गंगाराम के साथ विवाद हो गया। इसी दौरान इंद्रपाल ने संतराम पर कैंची से जान लेवा हमला कर दिया और फरार हो गया। पुलिस ने पतासाजी कर शिवरीनारायण में दबिश देकर फरार आरोपी इंद्रपाल को गिरफ्तार कर लिया है।

### नाबालिग से अनाचार पकड़ा गया आरोपी

**बिलासपुर।** नाबालिग से अनाचार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग घर से भाग गई थी। परिजन की रिपोर्ट पर पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया है। पुलिस के अनुसार, नाबालिग को बन्नाक चौक निवासी शुभम रामटेके शादी करने का झांसा देकर ले गया था और जबरिया उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। पुलिस ने उसके बयान के आधार पर धारा 376, 363, 323, 2, 4 ,6 पाक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है।

# डायवर्सन का अधिकार एसडीएम को दिया गया, यहां भी लंबित हो रहे मामले

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जमीन के डायवर्सन की प्रक्रिया नई गाइड लाइन के साथ होनी है। इसके तहत अधिकतम तीन महीने में इसकी प्रक्रिया पूरी करनी है, लेकिन इसके बाद भी मामले महीनों पेंडिंग रहते हैं।

■ बिलासपुर तहसील में ही 600 के करीब मामले पेंडिंग

दरअसल पहले इसके लिए अलग से डायवर्सन शाखा थी, लेकिन अब इसका अधिकार एसडीएम को दे दिया है। अधिकांश लोगों को इसकी जानकारी तक नहीं है तो तहसीलों में पहले से ही सैकड़ों सीमांकन, नामांतरण के मामले लंबित है, इसलिए डायवर्सन का काम अटक जाता है। बिलासपुर तहसील में ही 600 के करीब लंबित है। हालांकि इसे समय सीमा के अंदर बताया जा रहा है। ज्ञात हो कि भू अभिलेख डायवर्सन शाखा से भू भाटक दर निर्धारण के काम को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय को सौंप दिया है। दर निर्धारण का काम अब अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्यालय द्वारा किया जाएगा। दावा किया जा रहा था कि इससे डायवर्सन सहित अन्य कामकाज के सिलसिले में भू अभिलेख शाखा का चक्कर काटना नहीं पड़ेगा और काम जल्दी होंगे। इसके साथ ही भू अभिलेख शाखा में अब नई व्यवस्था के तहत नक्शा खसरा व नकल देने का काम होगा।

## इस विभाग में था आकर्षण

भू अभिलेख डायवर्सन शाखा व शहरी डायवर्सन शाखा में पदस्थापना को लेकर राजस्व विभाग के अधिकारियों का आकर्षण लगातार बना हुआ था। इसे लेकर ऊंची पहुंच भी लगाई जाती थी। अब जबकि कलेक्टर ने डायवर्सन और भू भाटक दर निर्धारण को एक ही विभाग के हवाले कर दिया है लिहाजा भू अभिलेख विभाग में पदस्थापना को लेकर जारी उठापटक अब खत्म हो जाएगी।




### यह थी पहले की व्यवस्था

पूर्व की व्यवस्था पर नजर डालें तो जमीन के डायवर्सन संबंधी दस्तावेज एसडीएम कार्यालय में जमा करना पड़ता था। डायवर्सन के बाद भू भाटक दर का निर्धारण भू अभिलेख डायवर्सन शाखा द्वारा तय किया जाता है। इस तरह की व्यवस्था के लिए जरुरतमंदों को अनुविभागीय अधिकारी व भू अभिलेख डायवर्सन शाखा का चक्कर काटना पड़ता था। इसके चलते पेंडेंसी भी लगातार बढ़ती जा रही थी। नई व्यवस्था के तहत कहा गया था कि अब लोगों को दो कार्यालयों का चक्कर काटना नहीं पड़ेगा। तय समय पर दस्तावेज अब मिल जाएंगे। हालांकि इसमें भी समय लग रहा है।

### पक्षकारों को भटकना पड़ता है

बिलासपुर के तहसील कार्यालय में स्टाफ की मनमानी, कार्यों को जानबूझकर कर अटकाने सहित भ्रष्टाचार की शिकायत आए दिन आते रहती हैं। कई बार आरोप लगते रहे हैं कि, तहसील में बिना पैसों के कोई काम नहीं होता। नामांतरण, सीमांकन, डायवर्सन सहित संबंधित अन्य कार्यों के लिए खुलेआम पैसे की मांग की जाती है। यहां दलाल भी सक्रिय हैं, जिनको यहां के स्टाफ का संरक्षण है। हाईकोर्ट में इस संबंध में याचिका भी दायर हुई थी। जिसके बाद राजस्व महकमे के काम में तेजी आई थी लेकिन फिर से वही ढर्रा हो गया है।

### सीमांकन, नामांतरण बंटाकन भी पेंडिंग पड़े

तहसीलों में दूसरे मामले भी लंबित है। इसमें से अधिकांश प्रकरण एक से पांच साल के बीच के हैं। तो कई मामले पांच साल से ज्यादा पुराने भी हैं। इनमें सीमांकन, नामांतरण, बंटाकन, व्यवस्थापन, डायवर्सन, फ्री होल्ड, भूमि आवंटन तथा जमीन विवाद से जुड़े मामले सबसे ज्यादा हैं। काम में तेजी लाने के लिए एक ही जगह पर तीन साल से ज्यादा समय तक जमे पटवारी से लेकर तहसीलदारों के तबादले किए गए थे। बड़े पैमाने पर तबादले के बाद माना जा रहा था कि काम में तेजी आएगी लेकिन सुधार नहीं हो सका।

### तेजी से निपटाए जा रहे प्रकरण

जमीन के डायवर्सन की प्रक्रिया अधिकतम तीन महीने में पूरी करनी है। बिलासपुर तहसील आफिस में इसके करीब 600 मामले रजिस्टर्ड है। सभी समय सीमा के अंदर हैं। सीमांकन, नामांतरण, बंटाकन के प्रकरणों को भी तेजी से निपटाया जा रहा है।

**- पियूष तिवारी, एसडीएम**

कई मंडलों में ब्लॉक लेकर किया जा रहा काम

# रेलवे ने 14 यात्री ट्रेनों को किया रद्द, परेशान हो रहे मुसाफिर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

रेलवे प्रबंधन ने फिर यात्री ट्रेनों को रद्द करने का सिलसिला शुरू कर दिया है। ऐसे में रेल मार्ग से यात्रा करने वालों की परेशानी बढ़ गई है। ब्लॉक लेकर कई मंडलों में काम करने के नाम पर अलग-अलग तारिखों को 14 यात्री ट्रेनों को रद्द कर दिया है।

रेलवे के अफसरों ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे नागपुर रेल मंडल के गोंदिया-हिरड़ामाली एवं गोंदिया-बल्हारशाह रेल खंड के बीच 14 घंटे का मेगा ब्लॉक लेकर काम किया जाएगा। यह मेगा ब्लॉक 19 जून को सुबह 6 बजे से रात 8 बजे तक रहेगा। ऐसे में 8 यात्री ट्रेनों को रद्द कर 3 को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा। इसी तरह दक्षिण मध्य रेलवे के सिकंदराबाद मंडल में कॉरीडोर ब्लॉक के कारण 15 जून को बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08291 बिलासपुर-येलहंका समर एक्सप्रेस तथा 17 जून को येलहंका से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 08292 येलहंका-बिलासपुर समर एक्सप्रेस रद्द किया गया है। ऐसे में एक बार फिर यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

■ एक बार फिर यात्रियों को परेशानी का करना पड़ेगा सामना




### इन गाड़ियों को किया गया रद्द

20 जून को जबलपुर से छूटने वाली 22174 जबलपुर-चान्दा फोर्ट एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 20 जून को चान्दा फोर्ट से छूटने वाली 22173 चान्दा फोर्ट-गोंदिया एक्सप्रेस रद्द रहेगी । 19 व 20 जून को गोंदिया से छूटने वाली 08802 गोंदिया-बल्हारशाह मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी। 19 व 20 जून को बल्हारशाह से छूटने वाली 08801 बल्हारशाह-गोंदिया मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी । 19 व 20 जून को गोंदिया से छूटने वाली 07820 गोंदिया-बल्हारशाह मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी । 19 व 20 जून को बल्हारशाह से छूटने वाली 07819 बल्हारशाह-गोंदिया मेमू पैसेंजर रद्द रहेगी। 18 व 19 जून को गोंदिया से छूटने वाली 08804 गोंदिया-बल्हारशाह मेमू स्पेशल रद्द रहेगी । 19 व 20 जून को बल्हारशाह से छूटने वाली 08803 बल्हारशाह-गोंदिया मेमू रद्द रहेगी ।

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ट्रेन

19 जून को सिकंदराबाद से छूटने वाली 17007 सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-नागपुर-गोंदिया होकर चलेगी। 19 जून को दरभंगा से छूटने वाली 17008 दरभंगा-सिकंदराबाद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग गोंदिया-नागपुर-बल्हारशाह होकर चलेगी। 19 जून को यशवंतपुर से छूटने वाली 12251 यशवंतपुर-कोरबा एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बल्हारशाह-नागपुर-गोंदिया होकर चलेगी।

### रद्द होने वाली तिथि बदली

बिलासपुर मंडल के अनूपपुर-न्यू कटनी जंक्शन के कुछ ट्रेनों की तिथियों को परिवर्तित किया गया है। जिसमें 13 जून से 20 जून 18248 रीवा-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। पहले इसे 12 जून से 19 जून तक रद्द किया गया था। वहीं 12 जून से 19 जून तक 18234 बिलासपुर-इंदौर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी। पहले इसे 13 जून से 20 जून तक रद्द किया गया था। 13 जून से 20 जून तक 18233 इंदौर-बिलासपुर नर्मदा एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

जिला अस्पताल के मातृ एवं शिशु अस्पताल की घटना

# मरीज पर गिरी फाल सीलिंग अस्पताल में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मातृ एवं शिशु अस्पताल में मंगलवार की सुबह वेटिंग हाल में लगी फाल सीलिंग अचानक मरीज पर गिर गई, इस दौरान आसपास बैठे मरीज घबरा गए और दीवार के पास जाकर खड़े हो गए, इसके बाद कुछ मरीजों ने स्टाफ को बताया। इस दौरान मरीजों को कोई गंभीर चोट नहीं आई है।

जिला अस्पताल में इन दिनों सीजीएमएससी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा है, लेकिन इस दौरान मरीजों की सुविधाओं का ख्याल नहीं रखा जा रहा है। बेतरतीब निर्माण के चलते वार्ड में भर्ती मरीजों की हालत खराब हो रही है। यहां पिछले 3 माह से हमर लैब का निर्माण चल रहा है, इसके लिए तोड़फोड़ की गई है, ड्रिलिंग करते समय पूरे अस्पताल शोर होने लगता है। मंगलवार को मातृ एवं शिशु अस्तपाल के सेकेंड फ्लोर पर सीजीएमएससी द्वारा निर्माण कार्य कराया जा रहा था, इस दौरान अचानक फर्स्ट फ्लोर की फाल सिलिंग गिरने लगी, यह हादसा उस समय हुआ जब वेटिंग रूम में मरीज थे और कुर्सियों पर बैठकर अपनी बारी का इंतजार कर रहे थे। फाल सिलिंग गिरने से मरीज घबरा गए, हालांकि इस दौरान कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ, लेकिन फाल सिलिंग के साथ एल्युमिनियम की फ्लेट गिरने से मामूली खरोंच आई। बाद में इस जगह से मरीज और परिजनों को हटा दिया गया।



### नुकसान नहीं हुआ है

फर्स्ट फ्लोर में फाल सिलिंग गिरी है, इससे किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ है। सीजीएमएससी द्वारा निर्माण कार्य जारी है, जिसके चलते यह गिरा होगा। फिर ऐसी घटना ना हो, इसका ध्यान रखने की हिदायत स्टाफ को दी गई है ।

**-डॉ अनिल गुप्ता,** सिविल सर्जन, जिला अस्पताल

### अस्पताल के फायर सेफ्टी सिलेंडर हुए एक्सपायर

गर्मी अपने तेवर दिखा रही है, लेकिन जिला अस्पताल प्रबंधन मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ करने में आमादा है। बताया जा रहा है कि अस्पताल में लगे फायर सेफ्टी सिलेंडर एक्सपायर हो चुके हैं, जिसे पुनः रिफिल किया जाना है, लेकिन प्रबंधन भरी गर्मी में सभी सिलेंडर को रिफिल करने भेज चुका है। ऐसे में फायर से सेफ्टी के लिए जिला अस्पताल में कोई उपकरण मौजूद नहीं है। वहीं आगजनी से हजारों मरीजों की सुरक्षा भगवान भरोसे ही है।



# स्वतंत्रा सेनानी की बहू से 55 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मकान दिलाने का झांसा देकर स्वतंत्रा सेनानी की बहू से 55 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस ने महिला की रिपोर्ट पर अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मेंस मिडास भारतीनगर निवासी चंदा पिपलवा पति रतन कुमार पिपलवा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रहलाद पिपलवा की बहू हैं। उनके पति रतन कुमार पिपलवा के नाम पर इमलीपारा में 765 वर्गफीट जमीन थी। जमीन को महिला ने विजय सिदारा के माध्यम से 49 लाख 50 हजार में बेच दिया। इसके बदले विजय ने महिला को चेक के माध्यम से 12 लाख 95 हजार और नकद 5 लाख रुपए दिया। शेष 31 लाख 55 हजार को विजय ने अपने पास रख लिया। इसके बदले में उन्हें मकान दिलाने का आश्वासन दिया।



कुछ समय बाद सिदारा ने उन्हें सन सिटी शुभम विहार में दो मकान दिखाए और कहा घर की रजिस्ट्री उनके नाम पर करा देगा। उसने उन्हें उक्त मकान में शिफ्ट करा दिया। 11 माह बीत जाने के बाद भी उक्त मकान की रजिस्ट्री नहीं कराई गई। उसके बाद उसने दूसरा मकान दिलाने का आश्वासन

### मकान दिलाने का दिया झांसा

दिया और महिला को भारतीनगर मेंस मीडोज अपार्टमेंट में किराए के मकान में शिफ्ट करा दिया। उसके बाद चार पांच मकान दिखाकर भी किसी मकान की रजिस्ट्री नहीं कराई। बाद में सिदारा ने अपने जूना बिलासपुर में डुप्लेक्स मकान को उन्हें बेचने की बात कहीं और उस मकान का एग्रीमेंट करके दिया और कहा 3 माह में रजिस्ट्री करा देगा। तीन माह बीत जाने के बाद भी वह रजिस्ट्री नहीं करा रहा है और फोन नहीं उठा रहा है। सिदारा के कहने पर उन्होंने मंगला महामाया पार्क कालोनी में एक मकान पसंद किया। उसकी कीमत 55 लाख रुपए थी। उन्होंने एग्रीमेंट कराकर विजय सिदारा ने 5 लाख रुपए एडवांस मकान मालिक प्रतीक जॉन को दे दिया। बाद में सिदारा ने उन्हें बताया, 7 लाख रुपए मकान मालिक को दे दिया है, किन्तु इसकी जानकरी उन्हें नहीं थी। समय पर पैसा नहीं देने पर उस घर की रजिस्ट्री नहीं हो पाई।

■ पुलिस मामला दर्ज कर मामले की जांच में जुटी

बाद में सिदारा से पैसा लौटाने व मकान दिलाने से साफ इनकार कर दिया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर विजय सिदारा के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### नौकरी लगाने के नाम पर युवक से 21 लाख की ठगी

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला महर्षि विहार निवासी दीपक कुमार 2020 में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इसी दौरान उनके परिचित टाटानगर आदित्यपुर निवासी अनुपम कुमार से मुलाकात हुई। उसने दीपक को बताया जमशेदपुर बर्मामाइंस निवासी विद्याभूषण प्रसाद 48 साल रेलवे में नौकरी करता है और वह अपने संपर्क के माध्यम से रेलवे के कर्मिशयल विभाग में नौकरी लगाता है। उसकी बातों में आकर दीपक ने विद्याभूषण से संपर्क कर नौकरी लगाने के लिए अलग अलग बैंक एकाउंट के माध्यम से 21 लाख 87 हजार 500 रुपए उसके बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। चार साल बाद भी नौकरी नहीं लगने पर दीपक ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर विद्याभूषण के खिलाफ धारा 420 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# युवती के पूर्व प्रेमी ने युवक पर चाकू से किया जानलेवा हमला, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

गर्लफ्रेंड को साथ बैठकर घुमाते देख उसके पूर्व प्रेमी ने युवक के साथ मारपीट कर चाकू से जान लेवा हमला कर दिया। घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने दो हमलावरों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक युवक पुलिस पकड़ से बाहर है।

सकरण्डा थाना प्रभारी कृष्णा साहू ने बताया, जूना बिलासपुर पचरीघाट निवासी राहुल केंवट की एक युवती से दोस्ती है। सोमवार की रात 1 बजे वह युवती के साथ अमरैया चौक नदी किनारे घूम रहा था। इसी दौरान युवती के पूर्व प्रेमी चांटीडीह निवासी रेहान उर्फ अजमल पिता असलम 21 साल वहां पहुंच गया। उसने युवक को झापड़ जड़ दिया और अपने साथी अली वारिश कुरैशी, शेरू खान को मौके पर बुला लिया। उसके बाद तीनों ने गर्लफ्रेंड के सामने राहुल के साथ मारपीट शुरू कर दी।

मारपीट के दौरान रेहान ने राहुल को पकड़ लिया और अली वारिश कुरैशी ने जेब से चाकू निकालकर उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसके बाद हमलावर भाग गए। युवती ने घटना की जानकारी आसपास के लोगों को दी। लोग मौके पर पहुंचे तो राहुल खून से लथपथ पड़ा हुआ था। चाकूबाजी की वारदात से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। लोगों ने घटना की सूचना सकरण्डा पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। उससे पूछताछ करने के बाद पुलिस हमलावरों की तलाश में जुट गई।

देर रात रेहान उर्फ अजमल को पकड़ लिया गया था। मंगलवार को पतासाजी कर उसके साथी शेरू खान को पकड़ा गया है। पुलिस ने दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं उनका एक साथी अली कुरैशी पुलिस पकड़ से बाहर है।

**पुलिस नहीं कर पा रही कंट्रोल:** जिले में सर्वाधिक 5 एडीशनल एसपी, 3 प्रशिक्षु आईपीएस, 4 डीएसपी पदस्थ हैं। उसके बाद भी लगातार अपराध बढ़ रहा है। अपराधी बेखौफ गंभीर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। आए दिन चाकूबाजी की वारदात से शहर थर्रा गया है। अधिकारी हाथ पर हाथ रखकर बैठे हुए हैं।

हरिभूमि बिलासपुर नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

# संचालनालय ने वापस मांगा कोरोना फंड, 7 दिनों में राशि नहीं लौटाई तो वित्तीय अनियमितता की होगी कार्रवाई

**बिलासपुर।** कोरोना काल के दौरान राज्य के स्वास्थ्य महकमे को जारी कोरोना आपदा फंड की बची राशि राज्य सरकार ने वापस मांगी है।

संचालनालय ने पत्र जारी कर सीएमएचओ और जिला अस्पताल से आबंटित राशि का शेष फंड 7 दिन के अंदर वापस मांगा है। इस अवधि तक राशि वापस नहीं करने पर अधिकारी के खिलाफ वित्तीय अनियमितता की कार्रवाई की जाएगी। संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं द्वारा प्रदेश के 33 जिले के सीएमएचओ और सिविल सर्जन को पत्र भेजा गया है, जिसमें कारोना कॉल के दौरान आपदा से निबटने के लिए भेजी गई राशि का जिक्र है। शासन द्वारा दी गई राशि का उपयोग होने के बाद शेष राशि की मांगी की गई। इसके लिए संचालनालय की ओर से प्रदेश के सभी सीएमएचओ और सिविल सर्जन को दूसरी बार पत्र लिखा गया है। पत्र में कहा गया है कि कई जिले शेष अनुपयोगी राशि को वापस भेज चुके हैं लेकिन अभी भी कई जिलों में पर्याप्त फंड बकाया के तौर पर मौजूद है। संचालनालय के अधिकारी ने कहा बार -बार हिदायद देने के बावजूद सीएमएचओ और सिविल सर्जन न तो राशि वापस कर रहे हैं और न जानकारी दे रहे हैं। ऐसे सीएमएचओ और सिविल सर्जन 7 दिन के अंदर सूचना देने का निर्देश दिया गया है। 7 दिनों के बाद ऐसे अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। जांच पड़ताल के दौरान उनके खाते में राशि पाए जाने पर वित्तीय अनियमितता के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### फंड की जानकारी मुझे नहीं

संबंधित विभाग को पत्र के बारे में सूचना दी गई है, फंड की जानकारी मुझे नहीं है। कार्रवाई जारी है।

**-डॉ प्रभात श्रीवास्तव,** सीएमएचओ




| Bilaspur To | Zest | Crysta | Today Offer* |
|---|---|---|---|
| Raipur Airport | 1499 | 2999 | 999 |
| Ambikapur / Sambalpur Bargarh / Blangir | 3999 | 5999 | 1999 |
| Jabalpur/ Katni | 4999 | 7999 | 2999 |
| Nagpur / Rewa | 7999 | 11999 | 4999 |
| Ranchi / Bhopal Banara / Prayagraj | 9999 | 16999 | 5999 |

RAHUL TRAVELS
One Way Taxi Pvt Ltd
Scan And Book
9926411411
*T&C Apply
RAIPUR : Near Raipur Airport , Mana Camp